



# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 29 जनवरी, 2025 | वर्ष 16 | अंक 270 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.


धनुष-कृति की फिल्म 'तेरे इश्क में' का टीजर रिलीज

पेज: 10



## न्यूज ब्रीफ

### वायनाड पहुंचीं प्रियंका



**वायनाड।** केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार दोपहर को कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचीं। उन्होंने पंचराकोली में टाइगर के हमले में मारी गई महिला के परिजनों से मुलाकात की। राधा को पिछले सप्ताह टाइगर ने मार डाला था। इसके बाद 27 जनवरी को आदमखोर टाइगर मरा हुआ मिला था।

### घर में ब्लास्ट, एक की मौत



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में मंगलवार दोपहर को कबाड़ का काम करने वाले व्यक्ति के घर में धमाका हो गया। घटना रेलबाजार के फेथफुलगंज इलाके की है। विस्फोट इतना तेज था कि कबाड़ का काम करने वाले व्यक्ति मोहम्मद रऊफ (65) के चीथड़े उड़ गए। उसका पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही रेलबाजार थाने की पुलिस, फोरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर जांच करने पहुंचा है।

### आरोपी ताहिर हुसैन कर सकेंगे चुनावी प्रचार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए 29 जनवरी से तीन फरवरी तक कस्टडी परोल दिया है। जिससे उसको चुनाव प्रचार की इजाजत होगी। ताहिर करावल नगर अपने घर नहीं जा पाएगा। एआईएमआईएम ने दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया है।

### बस-ट्रक में टक्कर, 13 लोग घायल



**श्रीनगर।** जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही तीर्थयात्रियों की एक बस मंगलवार को सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस घटना में बस सवार 13 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक घायलों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के नगरोटा में हुई। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओडिशा-उत्तराखंड दौरा

### कोल्डप्ले कॉन्सर्ट का किया जिक्र, बोले...

# भारत में कॉन्सर्ट इकोनॉमी की अपार संभावनाएं

### 'उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025' का किया उद्घाटन







**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुंबई और अहमदाबाद में हुए ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट की शानदार तस्वीरें आपने देखी होंगी। भारत में ऐसे लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकारें और प्राइवेट सेक्टर बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और स्किल्स पर ध्यान दें तो कॉन्सर्ट इकोनॉमी से हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ सकती है। दुनिया भर के बड़े कलाकार भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### पूर्वी भारत देश के विकास का इंजन

मोदी ने मंगलवार को ओडिशा सरकार की बिजनेस समिट उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। ये कॉन्क्लेव 28 से 29 जनवरी तक जनता मैदान में आयोजित हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत देश के विकास का इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह ओडिशा के इतिहास का सबसे बड़ा निवेशक सम्मेलन है। इसमें 5 से 6 गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं।

### आज रिसर्च व इनोवेशन की जरूरत

आज के समय में रिसर्च और इनोवेशन की जरूरत है। सरकार रिसर्च के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए एक विशेष कोष भी बनाया गया है।

### एमएसएमई की सहायता करें

हमें भारत में भी एक सशक्त सप्लाई चेन बनानी है जिस पर वैश्विक उतार चढ़ाव का कम से कम असर पड़े। इसलिए आप जिस भी क्षेत्र में हैं, उस से जुड़े एमएसएमई को सहायता करें।

### पीएम ने नेशनल गेम्स का उद्घाटन किया, बोले...

## हमने खेल बजट 3 गुना किया

**देहरादून।** मंगलवार को 38वें नेशनल गेम्स का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल गेम्स का उद्घाटन किया। देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम में ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। यहां 2,025 स्कूली स्टूडेंट ने शंखनाद पर लाइव प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा देवभूमि आज और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये उत्तराखंड का 25वां वर्ष है। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के गीन गेम्स भी हैं। पीएम मोदी के भाषण से पहले इंटरनेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मशाल लेकर आए। सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने परेड ऑफ स्टेट्स में हिस्सा लिया। 2,025 स्कूली स्टूडेंट ने शंखनाद पर संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और आईओए की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा भी उनके साथ मौजूद रही।

## सीएम भजनलाल शर्मा की दिल्ली में धुंआधार जनसभाएं

# 'आप' ने किया जनता के साथ धोखा : मुख्यमंत्री शर्मा

### भाजपा की डबल इंजन सरकार दिल्ली में विकास करेगी सुनिश्चित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया है। दिल्ली देश की राजधानी है मगर यहां की स्थिति 'दिया तले अंधेरा' जैसी है। दिल्लीवासी अब इस अंधकारमय शासन से मुक्ति चाहते हैं और आने वाले चुनाव में ऐसे झूठे लोगों को सबक सिखाकर भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे।

शेष पृष्ठ 5 पर

### ईमानदारी व सादगी का ढोंग करने वालों ने बनाए शीशमहल

मुंडका में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे द्वारा शुरू किए गए आंदोलन से निकले थे, मगर भ्रष्टाचार में डूब गए। आप सरकार का क्लासरूम निर्माण के नाम पर 1,300 करोड़ रूपये का घोटाला, 65 हजार फर्जी लैब परीक्षण कर 300 करोड़ रूपये का घोटाला, 2,800 करोड़ रूपये का शराब घोटाला हर किसी के सामने है। घोटाले में उनके मुख्यमंत्री जेल भी गए। खुद अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी का ढोंग करते थे, मगर करोड़ो रूपए खर्च कर अपने लिए शीशमहल बनवा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कुशासन के कारण दिल्ली में आज प्रदूषण, टूटी सड़कों, सीवरेज के गंदे पानी, ट्रैफिक जाम और पेयजल की कमी की भारी समस्या है। आप आम आदमी पार्टी का पिछला घोषणा पत्र उठाकर देखिए कि उन्होंने कितनी घोषणाएं पूरी की। वहीं दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वही करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य राजस्थान, उत्तरप्रदेश और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकारें हैं जो लगातार विकास के कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 13 महीने पहले बनी हमारी सरकार ने संकल्प पत्र के आधे से ज्यादा वादे पूरे कर दिए है। भाजपा की सरकार ने कभी कोरे वादों पर राजनीति नहीं की। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में दिल्ली को वह समृद्धि और विकास मिलेगा, जिसकी वह हकदार है। कार्यक्रम में सांसद पी.पी. चौधरी एवं भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## बागपत में जैन धर्म के महोत्सव में हादसा

# सात श्रद्धालुओं की मौत, 80 ज्यादा लोग घायल





**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए। हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 80 से अधिक लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना में खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचाया।

सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लिया। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। हादसा बागपत शहर से 20 किमी दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।

## वॉट्सऐप पर नोटिस नहीं भेज सकती पुलिस : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुलिस किसी आरोपी को वॉट्सऐप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस नहीं भेज सकती है। क्रिमिनल प्रोसिजर कोड या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई है। कोर्ट ने 21 जनवरी को यह आदेश दिया था। जस्टिस एम एम सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि पुलिस को दिशा-निर्देश दें कि वह सीआरपीसी, 1973 के सेक्शन 41ए या बीएनएसएस, 2023 के सेक्शन 35 के तहत कानूनी तौर पर नोटिस भेजने के जिन माध्यमों को अनुमति दी गई है, उन्हीं से नोटिस भेजें।

## कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड रोकने के लिए कानून बनाएगी राज्य सरकार

**जयपुर।** कोचिंग स्टूडेंट्स के सुसाइड को रोकने के लिए राज्य सरकार कानून बनाने जा रही है। इसके लिए सरकार 31 जनवरी से शुरू हो रहे इसी विधानसभा सत्र में आत्महत्या रोकने के संबंध में विधेयक लेकर आएगी। यह जानकारी सरकार की ओर से सोमवार को हाईकोर्ट में दी गई। सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 फरवरी को तय की है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश कोचिंग स्टूडेंट की ओर से आए दिन आत्महत्या की घटनाओं पर लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर दिया।

# श्रीलंकाई नौसेना ने की भारतीय मछुआरों पर फायरिंग, 5 घायल

### भारत ने दी श्रीलंका को चेतावनी



**नई दिल्ली।** डेल्फ्ट द्वीप के पास मंगलवार सुबह श्रीलंकाई नौसेना की ओर से की गई गोलीबारी में पांच भारतीय मछुआरे घायल हो गए। इस घटना को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग 'स्वीकार्य' नहीं है। मंत्रालय ने कहा, डेल्फ्ट द्वीप के पास 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना ने गोलीबारी की। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं और उनका फिलहाल जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। जाफना स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मछुआरों और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी यह मामला श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। भारतीय वक्तव्य में कहा गया है, भारत सरकार ने हमेशा मछुआरों से संबंधित मुद्दों को उनकी आजीविका की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मानवीय तरीके से निपटाने की आवश्यकता पर बल दिया है। किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

## इंफोसिस के सह-संस्थापक पर केस दर्ज

### क्रिस गोपालकृष्णन पर होगी एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भोवी या बोवी समुदाय से संबंध रखने वाले प्रोफेसर डी सन्ना दुर्गाप्पा ने एससी/एसटी एक्ट के तहत इंफोसिस के सह संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन, भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक बलराम सहित 16 अन्य व्यक्तियों पर मामला दर्ज कराया है। इस एक्ट के तहत गैरजमानती केस दर्ज होता है और सजा छह माह से पांच साल तक की होती है। भोवी समुदाय के लोग वास्तुकला में निपुण होते हैं, जो एक अनुसूचित जाति है। डी सन्ना दुर्गाप्पा कर्नाटक के भोवी या बोवी समुदाय से आते हैं, जो एक अनुसूचित जाति है। क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ बेंगलुरु के सिविल और सत्र न्यायालय के निर्देश पर सदाशिव नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। क्रिस गोपालकृष्णन सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति का नाम डी सन्ना दुर्गाप्पा है। डी सन्ना दुर्गाप्पा, दुर्गाप्पा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के सेंटर फॉर सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज में प्रोफेसर थे। दुर्गाप्पा का आरोप है कि उन्हें नौकरी से निकालने के लिए पहले उन्हें फर्जी हनी ट्रैप में फंसाया गया। उनके साथ जाति सूचक टिप्पणी करके दुर्व्यहार किया जाता था। उन्हें जातिसूचक टिप्पणी करके अपमानित भी किया जाता था। 2014 में उन्हें हनी ट्रैप में फंसाया गया था।



## महाकुंभ पर बयान देकर मुश्किलों में फंसे खरगे

# सीजेएम कोर्ट में मामला दर्ज, सुनवाई तीन को

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा अधिवक्ता सुधीर कुमार की ओर से कराया गया है। अदालत ने केस की अगली सुनवाई तीन फरवरी को तय की है। खरगे ने एक दिन पहले मध्य प्रदेश के महू में महाकुंभ को लेकर टिप्पणी की थी और कहा था कि गंगा में डुबकी लगाने से क्या गरीबी दूर हो जाएगी, क्या इससे रोजगार मिल रहा है? अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने खरगे के बयान को विवादित बताते हुए इसे महाकुंभ पहुंचने वाले और गंगा में डुबकी लगाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भावना के खिलाफ बताया है। उन्होंने दावा किया है कि खरगे ने अपने बयान से करोड़ों सनातनी और हिंदू भाई को आहत करने का काम किया है। कुंभ मेला में करोड़ो लोग पहुंचकर स्नान कर रहे है।

शेष पृष्ठ 5 पर



### ग्वालियर में शिकायत

दूसरी ओर से मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सीनियर एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर की ओर से खरगे के बयान की शिकायत की गई है। तोमर ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, डीजीपी मध्य प्रदेश और ग्वालियर एसपी से यह शिकायत की है। आरोप लगाया गया है कि खरगे ने महू में पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा था और कहा था कि 'उन्होंने इतने पाप किए हैं कि वे 100 जन्मों में भी स्वर्ग नहीं जा सकते।' गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होती है।




## टॉप 10 एयरपोर्ट में शामिल हुआ जयपुर एयरपोर्ट

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट देश के टॉप 10 एयरपोर्ट्स में शामिल हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी रैंकिंग में जयपुर एयरपोर्ट देश के सबसे बिजी एयरपोर्ट्स की लिस्ट में दसवें स्थान पर रहा है। यहां से हर दिन 72 फ्लाइट्स का संचालन किया जा रहा है। दरअसल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जारी रैंकिंग में कोलकाता, चेन्नई देश के टॉप 4 एयरपोर्ट से बाहर हो गए हैं। वहीं, जयपुर एयरपोर्ट फिर से देश के टॉप 10 एयरपोर्ट में शामिल हो गया है। दिल्ली देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में पहले स्थान पर बना हुआ है।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025

### देश-दुनिया से श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी

# 15 दिन में 15 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी





**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या बारे में सोमवार को रात में अपडेट किया था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट डाला और बताया, कि महाकुंभ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देश। भारत की एकता, आस्था व संस्कृति के महासमागम 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' में सोमवार को 1.18 करोड़ से अधिक और अब तक 13.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हर 12 साल पर प्रयागराज में संगम तट पर आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी यानी 45 दिन तक चलेगा। बुधवार को मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान पर 10 करोड़ और लोगों के डुबकी लगाने की उम्मीद है।

### मौनी अमावस्या की तैयारी पूरी

उत्तर प्रदेश सरकार ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला क्षेत्र को अगले कुछ दिनों के लिए पहले ही नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, प्रयागराज जिला प्रशासन ने भी स्थानीय लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने और वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

### राम मंदिर ट्रस्ट की अपील

# 'अयोध्या में 15 दिन न आएं'

### मौनी अमावस्या को 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान



मौनी अमावस्या के चलते 10 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज में पहुंचने का अनुमान है। यहां से अयोध्या 168 किलोमीटर दूर अयोध्या है। इसलिए कई श्रद्धालु संगम में शाही स्नान के बाद राम नगरी अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने आस-पड़ोस के श्रद्धालुओं को सलाह दी है कि वो 15 दिन बाद ही अयोध्या आएं। ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय ने कहा कि प्रयागराज में 29 जनवरी को महाकुम्भ में मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है। अनुमान है कि 10 करोड़ लोग इस दिन गंगा स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। ट्रेन एवं सड़क दोनों प्रकार से भक्तजन प्रयाग से अयोध्या आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों से अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

### विकसित किए गए 44 घाट

मौनी अमावस्या पर आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। लगभग 12 किमी के क्षेत्र में विकसित सभी 44 घाटों पर स्नान कराने की तैयारी है। घाटों पर एसडीएम के साथ सीओ, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को भी लगाया गया है।

# जनसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को जिले के सरदारशहर आईं और सरदारशहर मुख्यालय पर श्रीबहादुर सिंह भानकंवर आदर्श विद्या मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, निंबाराम, बृजमोहन वर्मा, सुबोध सेठिया सहित विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे। अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर अवलोकन किया तथा विद्यालय भवन निर्माण करवाने वाले भामाशाह जितेंद्र सिंह शेखावत व लक्ष्मी देवी शेखावत का सम्मान किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जनसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सराहनीय है। भामाशाहों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किया गया कार्य प्रेरणादायी है। संस्कारों के साथ अच्छे वातावरण में शिक्षा मिलने से भावी पीढ़ी विशाल व्यक्तित्व की धनी होगी और प्रदेश हर क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं। इसी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सरकार व समाज के लोग मिलकर विकसित समाज, विकसित राजस्थान व विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। हम अपनी भूमिका निभाएं एवं सामाजिक कल्याण के कार्यों में अपना योग दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का दूसरे बजट में शेखावाटी क्षेत्र के लिए बहुत संभावनाएं हैं। शेखावाटी क्षेत्र से बड़ी संख्या में खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र के उन्नयन के लिए भी अच्छी संभावनाएं मिलेंगी। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार मिलने से हमारी संस्कृति का संरक्षण होगा। बच्चों की प्रतिभाएं निखरेंगी व चरित्रयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण होगा।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हम बच्चों की प्रतिभा के अनुरूप उन्हें कैरियर का चुनाव करने दें और प्रोत्साहित करें। मुख्य वक्ता निंबाराम ने कहा कि प्रयास करें कि बच्चों की शिक्षा मातृभाषा में हो। हम सभी संस्कारवान शिक्षा पर ध्यान दें। बच्चों को प्रोत्साहित करें और एक समृद्ध समाज का विकास करें। उन्होंने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि हम सभी समाज के सवांर्गीण विकास के लिए अपनी भागीदारी निभाएं। हमारे स्तर पर सकारात्मक प्रयास रहें और सामाजिक उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रत्येक प्रयास में अपना समय व सहयोग सुनिश्चित करें। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि आज के भौतिक युग में संस्कारवान शिक्षा सराहनीय है। हम सभी शिक्षा के साथ संस्कारों को जोड़ते हुए संस्कृति का संरक्षण व संवर्द्धन करें और युवा पीढ़ी को विरासत से अवगत कराएं। यह हमारी जिम्मेदारी है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और शैक्षिक उन्नयन की बात कही। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह, अमरसिंह, महावीर सिंह, नरेंद्र शेखावत, विक्रम सिंह, अशोक कसेरा, सुबोध सेठिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विक्रम कोटवाद, सुमेर सिंह राठौड़, विक्रम सिंह, महिपाल मकराना, महावीर सिंह शेखावत, सीताराम चौहान, जितेंद्र सिंह बाघोली, अमरवीर सिंह शेखावत, सुरेश सैनी, मोनिका सैनी, सुगंधा जैन, मीनाक्षी बरड़िया सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन सुरेश वर्मा व अभिलाष चौहान ने किया।

# कृषि के आधुनिक संसाधन व नई तकनीक के अभाव में किसान परेशान : न्यौल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि कृषि के आधुनिक संसाधन एवं नई तकनीक के अभाव में देश प्रदेश के अन्नदाता बर्बादी की कगार पर है। किसान नेता न्यौल आज यहां किसानों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों की भ्रष्ट एवं भेदभाव कार्य प्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बिजली की आंख मिचोली से किसान बेहद परेशान है। बिजली बार-बार आती जाती है, इन झटकों से किसानों की मोटर जल रही है। मुश्किल से कृषकों को सिंचाई के लिए 5 घंटे ही मिलती है। आर. डी.एस.एस. के बजट को अधिकारी राजनीतिक व व्यक्तिगत स्वार्थ से खुर्द बुर्दकर ढाणियों के कनेक्शन देने में भेदभाव कर रहे हुआ। आर. डी. एस. एस. को साख में रहकर अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत रहकर भ्रष्ट चल चल रहे है। किसान नेता न्यौल के नेतृत्व में किसान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर तथा डिस्कॉम की चेयरमैन आरती डोगरा से अपनी समस्याओं का विस्तृत ज्ञापन देने जयपुर जायेगे। प्रतिनिधि मंडल में रामानंद न्यौल, सीताराम मेघवाल, सुखाराम घिंटाला, मनीराम कड़वासरा, ओमप्रकाश जांगिड़, जगदीश सैनी, लिछमण मेघवाल, किशनाराम बबाल, श्रवण बसेर, रामेश्वर नायक, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पंकज शर्मा राष्ट्रीय रामादल चूरू जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त

**सादुलपुर।** राष्ट्रीय रामा दल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष मिडिया प्रभारी विनोद गौतम के अभिशंषा पर पंकज शर्मा को चूरू जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया। चौहान ने राष्ट्रीय रामा दल संगठन में सम्मिलित होने वाले सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने फोटोग्राफर पंकज सोनी को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने फोटोग्राफर पंकज सोनी को उनकी सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया। पंकज सोनी ने पुलिस विभाग के विभिन्न आयोजनों में विशेष फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के माध्यम से सक्रिय सहयोग दिया है, जिसके लिए उनकी प्रशंसा की गई। पंकज सोनी का फोटोग्राफी के क्षेत्र में तीन पीढ़ियों से गहरा नाता है। उनके दादा जसकरण सोनी फोटोग्राफर ने आजादी से पहले से ही पुलिस विभाग के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दीं। इसके बाद उनके पिता राजेंद्र सोनी ने इस परंपरा को जारी रखते हुए वर्तमान समय में भी विभाग को अपना योगदान दे रहे हैं। पंकज सोनी ने अपने दादा और पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पुलिस विभाग के हर छोटे-बड़े आयोजन में अपनी बेहतरीन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के जरिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर सीओ सिटी सुनील कुमार झाझड़िया ने उनकी कड़ी मेहनत और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं विभाग के लिए उत्कृष्ट हैं और सोनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जिला स्तर पर सिंगर संगीता सोनी सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजकीय खेल स्टेडियम डीडवाना में गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर पर संगीता सोनी सिंगर सम्मानित हुई। जिला स्तरीय पर डीडवाना कुचामन के जिला कलेक्टर पुखराज सैन व पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा द्वारा जिले संगीत के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर महेंद्र कुमार मीणा, एडिशनल एसपी हिमांशु शर्मा, डिप्टी एसपी धर्म पूनिया, थाना अधिकारी राजेंद्र कमांडो, एसडीएम विकास मोहन भाटी, तहसीलदार सुमेर सिंह शेखावत सहित विद्यालय के स्टाफ व शहर के गणमान्य लोगों ने दी बधाइयां । इस अवसर पर संगीता सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### श्री जसनाथ जी क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 5 का उद्घाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री जसनाथ जी क्रिकेट खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली डिफेंस एकेडमी के चेयरमैन तेजपाल धीवा, विशिष्ट अतिथि अनिल जी ख्यालिया, फुल नाथ जी योगी, सरपंच सुभाष सहारण, प्रेम सिंह पटवारी, रामनिवास सेन, रतिराम सहारण एवं राकेश जी भाम्भु उपस्थित रहे। सीजन-5 के टाइटल स्पॉन्सर दिल्ली डिफेंस एकेडमी के चेयरमैन तेजपाल धीवा ने अपने कर कमलो से फीता काटकर उद्घाटन किया और बच्चों को खेल के महत्व और स्वस्थ जीवन के बारे में मार्गदर्शन किया। आयोजन कर्ता विक्रम सिंह,विकास झुरिया,राकेश,लीलाधर,शुभकरण, पवन गोस्वामी एवं समस्त खेल प्रेमी और ग्रामवासीपुनरास। कार्यक्रम के मंच का संचालन च्यानणमल सहारण जी ने किया।

### मृतक आश्रित अनुकम्पा टंकण परीक्षा 7 फरवरी को होगी आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति नियमों के तहत नियुक्त कनिष्ठ सहायक की टंकण परीक्षा 7 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। कम्प्यूटर टंकण परीक्षा की हिन्दी में 24 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी में 28 शब्द प्रति मिनट स्पीड रहेगी। टंकण परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को नामांकन संख्या जारी की गई है।

### सड़क सुरक्षा जन जागरूकता के लिए छात्रों ने रैली निकाली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में राज्य सरकार द्वारा घोषित सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत चौधरी लादूराम गोदारा मेमोरियल पब्लिक माध्यमिक विद्यालय तारानगर द्वारा सडक़ सुरक्षा जन जागरूकता हेतु विद्यालय प्रबन्धन एवं छात्रों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली में सडक़ सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी झांकी व विभिन्न पोस्टरो के माध्यम से दी गई । रैली को उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, डीवाईएसपी रोहित सांखला व सीबीईओ डॉ सुमन जाखड़ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । रैली न्यायालय परिसर से रवाना होकर तहसील कार्यालय गढ परिसर तक गई जहां तहसीलदार शुभम शर्मा ने छात्रो का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर संस्थान प्रधान डूंगरराम गोदार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पुराना बस स्टैंड के पास स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्पन्दन 2025 व वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि आज की बेटियां किसी से कम नही है। बेटियों ने अब शिक्षा के माध्यम से उड़ान भरनी शुरू करदी है। अब ये बेटियां बहुत ऊंचे पदों पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे हर क्षेत्र में बेटियां पढ़ लिखकर अपने देश व राज्य का नाम रोशन करेगी। हमे तो सिर्फ इन बेटियों का हौसला अफजाई करना है। एक बालिका शिक्षा के माध्यम से दो घरों का नाम रोशन करती है। इसलिए अभिभावकों को अपनी बेटियों को शाला के मंदिर में पढ़ने के लिए भेजना होगा। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि एक बेटी माता का अभिमान होती है। आज के युग मे बालिका शिक्षित होकर अपनी पहचान बना सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ.सीएल वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने राजस्थानी, पंजाबी, लोकगीतों व एकल नृत्य, एकल गायन व नाटक आदि की प्रस्तुतियो से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने विश्वविद्यालय परीक्षा में अव्वल आने वाली छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति मुरलीधर शर्मा, नोरंग वर्मा, पंचायत समिति सदस्य विक्रम कोटवाद, देदाराम, पीडी सोंनी, डॉ एसके सैनी, डॉ केसी सोंनी, लालचंद चाहर, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, दीनदयाल सैनी, नरेन्द्र कंवल व कूष्ण प्रजापत, आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने महाविद्यालय में फर्नीचर के लिये विधायक कोटे से पांच लाख रुपये देने व महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने काउकेचर बनाने की घोषणा की।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया रिफ्लेक्टर अभियान



**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा रिफ्लेक्टर अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस बार जो अभियान चलाया जा रहा है वह परवाह थीम पर चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अपनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है यदि आप अपने परिचितों की परवाह करते हैं तो उन्हें यातायात के नियमों की पालना करने के लिए जागरूक करें। विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यमों से लोगों में यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान की सफलता के लिए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिये और उनकी नियमित पालना करनी चाहिये। विभाग द्वारा बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर में यातायात नियमों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# विद्यार्थियों को कैप व जुराब का वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में विद्यार्थियों को ऊनी कैप व जुराब वितरण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल ने शिक्षा हित के प्रयासों की सराहना करते हुए भामाशाहों का आभार जताया। वहीं भामाशाह प्रेरक अध्यापक सुनिल बैरासर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से गांव वालो को वॉट्सग्रुप से अवगत करवाया गया, जिसमें चंद ही पलों में गांव जसवंतपुरा से ओमप्रकाश शर्मा, रामनिवास श्योराण व केरसिंह पूनिया की तरफ से कैप भेंट की गई, वही जुराब कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को रामकिशन पूनिया व कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव की तरफ से भेंट की गई।कैप व जुराब पाकर सभी विद्यार्थी उत्साहित नजर आये द्य इस अवसर पर ग्रामवासी हवलदार पन्नेसिंह शेखावत, पूर्व सरपंच कृष्णसिंह राठौड़,महावीर नाई, रामेश्वर पूनिया, सांवरमल जांगिड़, दलीप जांगिड़, विनोद जांगिड़, धर्मपाल पूनिया, महेन्द्र श्योराण, भगवती प्रसाद जांगिड़, रोहताश गोठवाल, धर्मवीर व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# सीएचसी बसेड़ी के प्रसव कक्ष को मिला लक्ष्य सर्टिफिकेट




**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किए जा रहे सुधारात्मक विकास की बदौलत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसेड़ी में उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रसूति सुविधाओं हेतु भारत सरकार द्वारा लक्ष्य सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में चिकित्सा विभाग एवं यूएनएफपीए द्वारा किए गए व्यापक प्रयासों से सीएचसी के प्रसव कक्ष को गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरने पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लक्ष्य सर्टीफिकेट प्रदान किया है। इसके अन्तर्गत चिकित्सा संस्थान को 2 लाख रुपए आगामी तीन साल तक प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी लाने हेतु किए गये सुधार एवं विकास कार्यों तथा सेवाओं में विस्तार की गतिविधियों के परिणाम हैं कि सीएचसी बसेड़ी राष्ट्रीय लक्ष्य पुरस्कार पाने में कामयाब रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की टीम द्वारा हाल ही में सीएचसी के लेबर रूम में स्वच्छता व्यवस्था, सम्मान जनक मातृत्व देखभाल, प्रसूताओं की निजता, चिकित्सक, कर्मचारियों तथा दवा की उपलब्धता, उपकरण, रिकार्ड संधारण, कर्मचारियों का प्रसूताओं के प्रति व्यवहार सहित सभी बिंदुओं का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें सीएचसी के प्रसव कक्ष को 85.17 प्रतिशत अंक मिले। उन्होंने बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों सहित अन्य कई चुनौतियों के बावजूद जिला कलक्टर के निर्देशन में विभाग की टीम ने लगातार समर्पित प्रयास कर यह बेहतर मुकाम पाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों, विशेष कर जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ,सीएचसी बसेड़ी स्टाफ और विशेष सहयोग हेतु यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय पांडे को बधाई दी है।

# स्व. आईआर जांगिड़ ने विकट परिस्थितियों में शिक्षा की अलख जगाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया : जिला कलेक्टर सुराणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू व श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति चूरू द्वारा स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में विख्यात शिक्षाविद प्राचार्य स्व श्री ईश्वर राम जांगिड व उनकी धर्म पत्नी स्व. विमला जांगिड की पुण्य तिथि पर उनकी याद में उनके सुपुत्र दीपक जांगिड़ के सौजन्य से मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम ईश्वर राम जांगिड़ व विमला देवी जांगिड़ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई उसके बाद सभी मचस्थ अतिथिओ का शॉल, प्रतीकचिन्ह, डायरी, पुस्तक, पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा विशिष्ट अतिथि बसंत शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा चूरू, संत सानिध्य नवरत्न गिरी जी महाराज,मन्दिर अध्यक्ष झूमर मल राजोतिया समाजसेवी मूलाराम धामू विमला गढ़वाल सभी अतिथिओ ने फीता काट कर शिविर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चूरू में प्रतिभा कि कोई कमी नहीं है यहां के लोग दूर दराज तक शिक्षा की अलख जगाई है जिसके परिणाम स्वरूप उच्च पदों पर आसीन हैं उन्होनें इस अवसर पर शिक्षाविद् स्व ईश्वर राम जांगिड व उनकी धर्म पत्नी स्व श्री मती विमला जांगिड को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाएं और कहा कि उनके पुत्र दीपक जांगिड द्वारा आयोजित मोतियाबिंद जांच शिविर को दिवंगत आत्मा के लिए सार्थकता व उनको सच्ची श्रद्धांजलि ह। जिला कलेक्टर ने स्व श्री जांगिड जी के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने विकट परिस्थितियों में भी खुद पढ़कर शिक्षा की अलख जगाई है जो आज के युवकों के लिए प्रेरणा दायक है जो नई पीढ़ी को आदर्श मानना चाहिए। कार्यक्रम में बसंत शर्मा ने अपने उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रो. ईश्वर राम जांगिड़ व श्रीमति विमला देवी की पुण्य तिथि पर आयोजित इस शिविर में जन कल्याण की भावना से नर को नारायण मानते हुए उनके सुपुत्र दीपक जांगिड़ ने ये शिविर आयोजित कर प्रो.साहब को सच्ची श्रद्धांजली दी है। कार्यक्रम अध्यक्ष महासभा जिला अध्यक्ष नीरज जांगिड़ ने कहा कि आज आयोजिय शिविर में 221 बंधुओ की जांच की गई तथा 45 बंधुओ का ऑपरेशन होगा तथा सभी नि:शुल किया जाएगा जो के प्रो साहब को सच्ची श्रद्धांजली अर्पित होगे और मानव की सेवा होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रो.ईश्वर राम जांगिड़ के पुत्र दीपक जांगिड पुत्रवधु पूजा जांगिड पौत्र दक्ष जांगिड़ यशविन जांगिड़ ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## राजगढ़ पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद करने के साथ चोरों को भी दबोचा

**सादुलपुर।** राजगढ़ पुलिस ने तीन रोज पूर्व चोरी हुई एक मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया है। चोरी के आरोपी हरियाणा के प्रताप नगर (फतेहाबाद) निवासी और वर्तमान में राजगढ़ के माता मंदिर के पास रहने वाला सतीश बाल्मीकि तथा राजगढ़ के वार्ड 36 का निवासी दिनेश सोढ़ी राजपूत हैं। राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि 25 जनवरी को दिन दहाड़े वार्ड नंबर 3 में भगत सिंह चौक के पास रहने वाले राधेश्याम भार्गव के घर के आगे खड़ी मोटरसाइकिल को दो लोग चुरा कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तकनीकी जांच पूरी की।

# 'सांभर महोत्सव 2025 में दो लाख से अधिक देशी विदेशी पर्यटक हुए शामिल'

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों और निर्देशन ने सांभर को बनाया पर्यटन का नया डेस्टिनेशन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों एवं निर्देशन से साकार सांभर महोत्सव 2025 में इस बार लगभग 2 लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों के आगमन ने सांभर को पर्यटन का नया डेस्टिनेशन बना दिया है। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का यह उत्सव 24 जनवरी से 28 जनवरी (मंगलवार) तक चला। महोत्सव में आगन्तुक पर्यटकों को धार्मिक, सांस्कृतिक और रोमांचकारी पर्यटन के अनुभव हुए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कहना है कि सांभर महोत्सव राजस्थान की कला, संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर लाने का एक अद्वितीय प्रयास है। यह विशिष्ट एवं अविस्मरणीय, मनमोहक लोक उत्सव ने निश्चित ही सांभर को पर्यटन के क्षेत्र में एक नये सितारे के रूप में पहचान दी है, जो कि पर्यटकों के लिए लम्बे समय तक अचंभे और आकर्षण केन्द्र बना रहेगा। सांभर महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख आकर्षण बन गया। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि 'सांभर महोत्सव 2025' 24 से 28 जनवरी तक सैलानी और स्थानीय लोग सांस्कृतिक, धार्मिक और रोमांचक अनुभवों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि सांभर की साल्ट लेक अब प्री-वेडिंग शूट और एस्ट्रो टूरिज्म के लिए भी लोकप्रिय हो रही है। झपोक, सांभर सॉल्ट कैंपस, देवयानी तीर्थ सरोवर और मेला ग्राउंड पर इस महोत्सव के दौरान कई भव्य आयोजन हुए, जिसमें पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग उमंग और उत्साह के साथ शामिल हुए।

**उत्सव के आकर्षण:-** पूर्व विधायक फुलेरा विधानसभा निर्मल कुमावत और अतिरिक्त निदेशक पर्यटन राकेश शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर 24 जनवरी को 'सांभर महोत्सव 2025' की विधिवत शुभारम्भ किया गया। जिसमें संध्या के समय देवयानी तीर्थ सरोवर पर दीपोत्सव और महाआरती की गई। महोत्सव में सैलानी और स्थानीय लोग सांस्कृतिक, धार्मिक और रोमांच के अनुभवों से रूबरू हुए। इस दौरान राजस्थानी कला एवं शिल्प स्टॉल और फोटोग्राफी का प्रदर्शन हुआ। विभिन्न डिज़ाइन और रंगों की फैंसी पतंगें आकाश में उड़ाई गई। पैरा सेलिंग, पैरा मोटरिंग, पैरा ग्लाइडिंग, जीप सफारी और एटीवी राइड्स जैसी रोमांचक गतिविधियां आयोजित हुई। प्रकृति प्रेमियों के लिए पक्षी अवलोकन और साल्ट लेक भ्रमण का अनुभव अद्वितीय रहा। दीपोत्सव और महाआरती ने सांस्कृतिक संध्या को और खास बनाया। लोक कलाकारों की मनमोहक स्ट्रीट परफॉर्मेंस ने पर्यटकों को लुभाया। सांभर टाउन हेरिटेज वॉक, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिताओं जैसी विशेष गतिविधियां आयोजित हुई। घुड़सवारी, ऊँट सवारी और ऊँट गाड़ी की सवारी ने भी पर्यटकों को खासा आकर्षित किया। सितारों का अवलोकन और एस्ट्रो टूरिज्म के लिए पर्यटकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्यटकों को नमक प्रसंस्करण टूर ने भी लुभाया। आज 28 जनवरी को समारोह का समापन हुआ।

# चारा उत्पादन और संग्रहण के लिए संबंधित विभाग परस्पर सहभागिता से काम करें : डॉ. समित शर्मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में चारे की कमी के मद्देनजर चारा उत्पादन और साइलेज को बढ़ावा देने के लिए गठित टास्क फोर्स की दूसरी बैठक शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में संपन्न हुई। बैठक में हरा, सूखा चारा उत्पादन एवं संग्रहण, चारा बीज मिनी किट वितरण, चारा उत्पादन एवं प्रदर्शनी इकाई तथा पशुपालकों को चारा उत्पादन के नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण, गौशाला में स्थित खाली भूमि पर चारा उत्पादन आदि विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

बैठक में शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में चारा उत्पादन का क्षेत्र नहीं बढ़ा है और चारे का उत्पादन भी नहीं बढ़ा है। इसका असर हमारे दुधारू पशुओं की सेहत पर तो पड़ता ही है। इससे दूध का उत्पादन भी कम होता है और दूध की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि गोचर भूमि भी समाप्त हो रही है। हमारे विभाग के पास कई फार्मस हैं वे भी अनुपयोगी पड़े हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि हमारे पास जो भी संसाधन और क्षेत्र हैं उन सबका उपयोग करते हुए हमें चारा उत्पादन पर अधिक से अधिक ध्यान देना है। दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए चारा उत्पादन बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर हमारी भूमि का अतिक्रमण हो रहा है हमें उन स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराना है और जो हमारे पास हैं उन्हें चारा उत्पादन क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने सभी विभागों से आग्रह किया कि इस क्षेत्र में वे जो भी कार्य कर रहे हैं उन्हें आपस में शेयर करें।

डॉ. शर्मा ने कहा कि हमें हमारे फार्मस को चारा उत्पादन क्षेत्र के रूप में विकसित करते हुए उन्हें उपयोगी बनाना है। गौशालाओं की खाली पड़ी जमीन पर भी गायों के लिए चारे का उत्पादन करना चाहिए जिससे गायों के लिए चारे की आपूर्ति स्थानीय स्तर से ही हो जाए। इससे चारा बाहर से खरीदना नहीं पड़ेगा और जमीन का भी उपयोग होगा। उन्होंने चारा उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतरफसली प्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया।

शासन सचिव ने सभी विभागों से सफलता की कहानियां तैयार कर किसानों और पशुपालकों तक पहुंचाने की बात कही जिससे उन्हें प्रेरणा मिले और वे भी इसके लिए प्रयास करें। उन्होंने अगली बैठक में सिंचाई विभाग और वाटरशेड डेवलपमेंट बोर्ड को भी इस टास्क फोर्स में शामिल करने पर सहमति जताई। बैठक में पशुपालन विभाग की उप शासन सचिव श्रीमती संतोष करोल, निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सिंह नागा सहित वन तथा पंचायती राज विभाग, आरसीडीएफ और राजूवास के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा

## मिलावट के खिलाफ अभियान को गति देने और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरंतर मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिलों में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा तथा संयुक्त आयुक्त विजय प्रकाश शर्मा ने समीक्षा की। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को देशभर में प्रथम स्थान पर रहने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रतिमाह में आवश्यक नमूनीकरण किए जाने एवं निरीक्षण की जानकारी का FoSCOS पोर्टल पर नियमित इंद्राज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रतिमाह 05 मिस ब्रांडेड के प्रकरण बनाने, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब का नियमित संचालन करने, ईट राइट गतिविधियों के लक्ष्यों की पूर्ति करने, जिलों में 4 बड़ी कार्रवाई करने एवं न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणों में लगाई गयी सजा या शास्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में चालान से शेष रहे सभी वाद शीघ्र न्यायालय में दर्ज करवाने हेतु भी निर्देश प्रदान किये गये एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशानुसार पूरे राज्य में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान को गति देने के भी निर्देश दिए गए। करौली जिले के एफएसओ विजय सिंह का सैम्पलिंग में फेल सैंपल का प्रतिशत कम रहने एवं असंतोषजनक कार्य होने पर नोटिस जारी किया गया।

# ऑक्शन मिनरल ब्लॉक्स को ओपरेशनलाइज कराने पर खास फोकस, एलओआई धारकों को मिलेगी वेबबेस्ड सुविधाः टी. रविकान्त

» माइंस विभाग की संवेदनशील प्रशासन की पहल, एलओआईधारकों से वन टू वन संवाद

» संबंधित एमई/एएमई एलओआईधारकों को स्थानीय स्तर पर करेंगे सहयोग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी.रविकान्त ने कहा है कि राज्य सरकार का ऑक्शन मिनरल ब्लॉक्स को जल्द से जल्द ओपरेशनलाइज कराने पर खास फोकस है और इसके लिए संबंधित एलओआई धारकों से सीधा संवाद कायम कर सहयोग व समन्वय बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय पोर्टल पर एलओआई धारकों को विभिन्न स्तरों पर आ रही समस्याओं को इंगित करने की सुविधा दी जाएगी और उसके निराकरण प्रगति की नियमित मोनेटरिंग सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने संवेदनशील प्रशासन की पहल करते हुए मंगलवार को प्रदेश के एलओआई धारकों से वर्चुअली सीधा संवाद कायम किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिस तरह से मेजर मिनरल माइंस के ऑक्शन में राजस्थान समूचे देश में अग्रणी प्रदेश बन गया है उसी गति से अब ऑक्शन मिनरल ब्लॉक्स को आवश्यक अनुमतियों व स्वीकृतियों में आ रही बाधाओं को दूर कराकर निर्धारित समय सीमा में ओपरेशनलाइज कराया जा सके ताकि खनन कार्य आरंभ होने के साथ ही रोजगार व राजस्व में बढ़ोतरी हो सके।

रविकान्त ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ऑक्शन माइंस को ओपरेशनलाइज कराने के प्रति गंभीर है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति का गठन किया गया है जिसमें एसपी, वन, खान विभाग आदि के प्रतिनिधियों के साथ ही पर्यावरण से जुड़े एनजीओ और क्षेत्र के 4 लीज/ क्वारी लाइसेंस धारकों को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के माइनिंग व सहायक माइनिंग इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे ऑक्शन एलओआई धारकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करें।

प्रमुख सचिव रविकान्त ने वर्चुअल बैठक के दौरान एलओआई धारकों द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं की जिलेवार सूचि आज ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि राज्य सरकार स्तर से भी समन्वय, आवश्यक सहयोग व मोनेटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर एलओआई द्वारा की जाने वाली समस्या या सुझाव संबंधित एमई/एएमई को भी डीएमजीओएमएस सिस्टम से उपलब्ध होगा और उस स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई पर निदेशक माइंस स्तर व राज्य सरकार स्तर पर नियमित मोनेटरिंग की जाएगी।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल के माध्यम से संबंधित विभागों से समन्वय बनाया जा रहा है। अब जिला स्तर पर भी खनन विकास कमेटी बनने से अनुमतियों-स्वीकृतियों के कार्य में गति आयेगी। एलओआई धारकों से समय पर माइनिंग प्लान सबमिट करने, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और विभाग से समन्वय बनाने पर जोर दिया गया। सभी एलओआईधारकों के प्रतिनिधियों से वन टू वन संवाद कायम करते हुए विस्तार से जानकारी ली गई और आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

वर्चुअल चर्चा के दौरान माइनिंग प्लान प्रस्तुत करने, चरागाह भूमि की एनओसी प्राप्त करने, पर्यावरण स्वीकृति, जिला कलक्टर स्तर पर जनसुनवाई सहित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर एलओआई धारकों को स्वीकृतियां व अनुमतियां जारी कराने का संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल के प्रभारी प्रताप मीणा, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एडीएम एमपी मीणा, पीआर आमेटा, एसएमई जय गुरुबख्सानी, एनएस शक्तावत सहित वरिष्ठ अधिकारियों व एक दर्जन से अधिक एलओआईधारकों ने हिस्सा लिया।

# जयपुर में 14 फरवरी को होंगे पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव

» आज जारी होगी अधिसूचना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 14 फरवरी 2025 को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए (जिन पदों का 05 वर्षीय कार्यकाल जनवरी, 2025 एवं मार्च 2025 में पूर्ण हो रहा है उनके अतिरिक्त) पदों पर उपचुनाव होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 29 जनवरी, 2025 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। 3 फरवरी 2025 तक (रविवार, 2 फरवरी 2025 के अतिरिक्त) प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र स्वीकार किये जाएंगें। 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी तो वहीं, 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 को सुबह 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा। शनिवार 15 फरवरी, 2025 को प्रात: 9 बजे से जिला मुख्यालय पर जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर पंचायत समिति सदस्य के पद हेतु मतगणना होगी।

सांभरलेक पंचायत समिति सदस्य संख्याक 13, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लुपुरा पंचायत, तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत एवं चाकसू पंचायत समिति की थली पंचायत के सरपंच के लिए उप चुनाव होगा। सांभर लेक पंचायत समिति की जयसिंहपुरा पंचायत, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लूपुरा पंचायत एवं तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत के उपसरपंच के लिए उपचुनाव होगा। उन्होंने बताया कि भैसवा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, विजयपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 15, नटाटा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, काशीपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5, हरसूलिया पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 6, हबसपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, जयसिंहपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, बल्लुपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3 एवं 4 में उपचुनाव होगा। वहीं तुंगा पंचायत समिति के पालावाला जाटान पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3,4,5,6 एवं 7 के साथ साथ किशनपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5,6 और 7 के लिए उपचुनाव होगा।

उन्होंने बताया कि सरपंच एवं पंच के लिए 29 जनवरी, 2025 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। 5 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र स्वीकार किये जाएंगें। 6 फरवरी को सुबह 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी तो वहीं, 6 फरवरी को ही अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 6 फरवरी को नाम वापसी के निर्धारित समय के तुरंत पश्चात चुनाव प्रतिकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 को सुबह 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात मतगणना होगी। उपसरपंच के चुनाव के लिए 15 फरवरी 2025 को समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदान होगा और मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात मतगणना होगी। उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता भी तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं।

# 30 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद दिवस

## आज किया जाएगा मौन संकेत का ट्रायल टेस्ट

**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर 30 जनवरी का प्रतिवर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जनवरी को सुबह 11 बजे 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा जाएगा। शहीद दिवस को साइरनों द्वारा ध्वनि प्रसारण द्वारा 2 मिनट के मौन संकेत प्रसारित किये जाएंगे। जिसके बाद जिले में सामूहिक मौन रखा जाएगा। सामूहिक मौन के सफल आयोजन के लिए 29 जनवरी को सुबह 10 बजकर 59 मिनट पर सायरन बजाकर मौन संकेत का ट्रायल टेस्ट किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा मौन संकेत प्रसारण के लिए जिले के 8 स्थानों पर 10 सायरनों प्रयोग किया जाएगा। पहला सायरन सुबह 10 बजकर 59 मिनट 15 सेकंड पर बजेगा, जिससे मौन रखने की शुरुआत की जाएगी। 2 मिनट का मौन समाप्त होने पर 11 बजकर 02 मिनट पर मौन समाप्ति संकेत के लिए दूसरी बार सायरन बजाया जाएगा। जिला कलक्टर ने सामूहिक मौन के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

# शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 27 जनवरी, 2025 को बी.एस.सी. गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं के लिये दिशा फाउंडेशन सेंटर फॉर स्पेशल एजुकेशन, जयपुर में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया।

इस भ्रमण में छात्राओं ने ऑटिज्म, एडीएचडी, डीएक्सलेक्सिया, डिस्केल्कुलिया जैसे विशेष बच्चों से संबंधित देखभाल, परामर्श, व्यवहार, नियमों और विनियमों, अधिकारों और कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेष बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाएँ, संवेदी उद्यान पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, खेलो का भी अवलोकन किया। इस भ्रमण ने छात्राओं को न केवल विशेष शिक्षा के बारे में जागरूक किया, बल्कि उन्हें संवेदनशील बनाने में भी मदद की। विभाग की प्राध्यापिका अंजलि जालू ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# भारत पर्व में राजस्थानी बावर्चियों ने लगाया देशी तड़का

## खानसामों ने सिखाएं राजस्थानी व्यंजन बनाने के गुर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में आयोजित छह दिवसीय भारत पर्व-2025 में राजस्थान के बावर्चियों ने देशी व्यंजनों का तड़का लगा पर्व में उपस्थित दर्शकों को राजस्थानी व्यंजन बनाने के गुर सिखाए। भारत पर्व में स्थापित किये गए किचन स्टुडियो में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पूसा संस्थान के होटल मैनेजमेंट के सहयोग से अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का लाइव किचन डेमोस्ट्रेशन करवाया जा रहा है। इस कड़ी में बाबुलाल और उनके भाई दो अन्य रसोइयों ने राजस्थान की दो विशेष डिशेज मिर्ची बड़ा और मावे की कचौरी बनाने का सजीव प्रदर्शन किया और उनकी रेसिपी भी विस्तार से बताई। स्टूडियों मे उपस्थित दर्शकों एवं व्यंजन प्रेमियों द्वारा सजीव प्रदर्शन में बनाए गए राजस्थानी व्यंजन को चखने के उपरांत उसकी प्रशंसा की। राजस्थान के इन खानसामों ने अपने देशी व ग्रामीण अंदाज में मिर्ची बड़ा और मावे की कचोरी बनाने की पूरी विधि को रोचक अंदाज में दर्शाते हुए कहा कि राजस्थान में मशहूर तीज व त्यौहार के साथ ही मौसम व ॠतुओं और आंचलिक परिवेश के अनुसार अपने खास व्यंजन बनाये जाते है तथा रेगिस्तानी प्रधान प्रदेश होने से यहाँ के खान-पान का अपना एक अलग ही जायका है।

**राजस्थानी व्यंजनों के स्वाद की धूम:-** भारत पर्व में लगाए गए राजस्थान के खानपान के स्टॉल पर प्रदेश के प्रमुख व्यंजन दाल बाटी चूरमा, राजस्थानी थाली, गट्टे की सब्जी, प्याज और मावे की कचौरी, बाजरे की खिचड़ी और रोटी, मूंग की दाल का हलवा, पाव भाजी जैसे व्यंजनों की खूब बिक्री हो रही है। इसके स्वाद और खुशबू से आगंतुक इन व्यंजनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**राजस्थान पर्यटन के स्टॉल पर लगी दर्शकों की भीड़:-** भारत पर्व में राजस्थान पर्यटन के स्टॉल पर भारी भीड़ देखी जा रही है। स्टॉल के सामने पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से बुलाए गए कलाकारों द्वारा चरी नृत्य, गैर नृत्य, कठपुतली का सजीव प्रदर्शन, कच्छी घोड़ी और कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्शित कर रही हैं। नृत्यों के आनंद में सराबोर होते हुए दर्शक कलाकारों के साथ नृत्य करते तथा सैल्फी लेते दिखाई दिए।

# स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अत्यंत गंभीरता रखें अन्यथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध न्यायालय को संज्ञान लेने एवं कार्यवाही की सिफारिश की जाएगी : गुप्ता

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बार-बार स्वच्छता को लेकर संदेश दे रहे हैं। सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक और नैतिक दायित्व बनता है कि स्वच्छता के संकल्प को हर हाल में साकार करना होगा। स्वच्छता के दम पर ही हम एक विकसित भारत और विकसित राजस्थान की संकल्पना देख सकते हैं जो धरातल पर लागू करनी होगी। यह वक्तव्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक और शेखावाटी अंचल की नगर परिषद झुंझुनूं तथा नगर पालिका नवलगढ़ और मंडावा के न्याय मित्र केके गुप्ता ने व्यक्त किया है। गुप्ता ने कहा कि पीएम और सीएम के बहुत बड़े विजन स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के प्रति लापरवाही रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने संबंधी अनुशंसा माननीय न्यायालय को की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को इस मिशन को हल्के में लेने की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें समय-समय पर मिलने वाले निर्देश अनुसार स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखते हुए कार्य करने होंगे। स्वच्छता कार्य सिर्फ निरीक्षण के दौरान अच्छा दिखाने के लिए नहीं बल्कि सभी 365 दिन स्वच्छ भारत मिशन के सभी मापदंड और घटक पर कार्य होना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि गुप्ता को निकायों झुंझुनूं, नवलगढ़ और मंडावा के लिए न्याय मित्र की जिम्मेदारी माननीय जिला एवं लोक अदालत झुंझुनूं द्वारा प्रदान की गई है। निकाय झुंझुनूं, नवलगढ़ और मंडावा को लिखा पत्र : न्याय मित्र गुप्ता द्वारा आयुक्त नगर परिषद झुंझुनूं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नवलगढ़ तथा मंडावा को पत्र लिखकर निर्देश देते हुए बताया गया है कि प्राय: देखा गया है कि जब-जब मेरा निरीक्षण होता है, संबंधित निकाय सफाई की अच्छी व्यवस्था कर देती है तत्पश्चात उसे पर ध्यान नहीं दिया जाता है। आपको सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यों पर कठोरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।



## ये 12 बिंदू बताए अधिकारियों को, कहा–अक्षरशः पालना हो

न्याय मित्र गुप्ता ने 12 बिंदू अधिकारियों को बताए है। जिसके तहत घर-घर कचरा संग्रहण के तहत 100 प्रतिशत रूप से घरों से कचरा संग्रहण, कचरा 365 दिन उठे, कचरा टाइम बाउंड उठे, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग उठे। साथ ही उपरोक्त कार्य की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जानी चाहिए तथा प्रतिदिन उसकी सीट निकालना आवश्यक है। इसके अलावा अतिक्रमण से मुक्त शहर के तहत व्यापारी अपनी दुकान का सामान सड़क पर रखकर ट्रैफिक को बाधित कर रहे हैं तथा बड़ी दुर्घटना होने की संभावनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं जिस पर सख्त कार्रवाई नियमित करने की आवश्यकता है। जिसमें फोटोग्राफी करवा चालान बनाकर न्यायालय में पेश करना जैसी मुख्य कार्रवाई की जावे। सड़क एवं नालियों की सफाई सुचारू करवाना, सड़कों पर किसी भी प्रकार के जानवर घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए, प्लास्टिक में सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए जुर्माना एवम चालान बनाने जैसी कार्यवाही प्रमुखता से की जानी चाहिए, कमर्शियल एरिया की सफाई व्यवस्था रात्रि को होनी चाहिए कर्मचारियों की संख्या सुनिश्चित कर जिम्मेदारी से निर्वहन करवाना है केवल खानापूर्ति न हो उसकी रिपोर्ट नियमित ली जावे, सड़कों पर पोलो की लाईट नियमित जलनी चाहिए अगर कोई लाइट बंद है तो उसे तुरंत मरमत की जावे, सार्वजनिक टॉयलेटों की सफाई दिन में तीन बार कम से कम करवाई जावे उनकी स्थिति सुदृढ़ हो, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जावे, सार्वजनिक दीवारों पर किसी भी प्रकार के पोस्ट इत्यादि लगाने वाले के विरुद्ध दण्डनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावे, शिकायत कक्ष का नंबर सार्वजनिक किया जावे तथा उसमें की जा रही शिकायतों के निस्तारण का उचित लेखा जोखा होना चाहिए, पुराने कचरा (लैगैसी वेस्ट) का निस्तारण की प्रक्रिया को शीघ्र संपादन कर कचरा यार्ड साफ करवाया जावे एवं हवेलियों का जिर्णोद्धार करवाने में आवश्यक कार्यवाही एवं उनको क्षति पहुंचाने वालो के विरुद्ध उचित कार्यवाही संपादित करे। उपरोक्त सभी कार्यों का निष्पादन ईमानदारी से करते हुए हर माह की 7 तारीख तक अपनी-अपनी रिपोर्ट मुझे मेल पर भेजे तथा निरीक्षण के दौरान अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय को संज्ञान लेने के लिए लिखते हुए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

## न्याय मित्र ने ये भी निर्देश दिए

न्याय मित्र गुप्ता ने यह भी निर्देश दिए हैं कि वर्तमान में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के अभियान में अपनी रैंकिंग सुधारने हेतु उचित कार्य संपादित कर अपनी निकाय को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। गुप्ता ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को स्वच्छता से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो अपनी शिकायत मय फोटोग्राफ के व्हाट्सएप नंबर 9783306607 पर प्रेषित करें, जिससे संबंधित अधिकारी को पाबंद किया जा सके।

# बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित करने पर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मेघवाल समाज संघ जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष पवन आलड़िया के नेतृत्व में राष्ट्रपति को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों ने देशद्रोह का काम किया है। पवन आलड़िया ने कहा कि भारत सरकार का शासन-प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है और गणतंत्र दिवस के मौके पर इस घटना से देश के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान को गहरा आघात पहुंचा है। यह भी मांग की गई है कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाए कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और असामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी करें, कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। संगठन महासचिव डॉ. विकास काला ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की भविष्य में कभी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए कठोर कानून बनाकर तुरंत सजा का प्रावधान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष डॉ. अशोक गर्वा, महासचिव अजय काला, डॉ. दिनेश बड़जात्या, अनुराग बड़जात्या, सचिन कांटीवाल, मनोज चंदानी, विकास आल्हा जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, अनिल बाडेटिया, एडवोकेट सुनिल सेवदा, शारदा जिनोलिया व मुकेश महरिया उपस्थित थे।

# रवि इंडियन पब्लिक स्कूल के 54 छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में चयन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठतम शिक्षण संस्थान रवि इंडियन पब्लिक सैकंडरी स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की ओर से घोषित प्रवेश परीक्षा परिणाम में अपनी श्रेष्ठता राष्ट्रीय स्तर पर इस बार भी साबित की है। संस्था के 54 होनहार छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा को उतीर्ण कर संस्थान का परचम राष्ट्रीय स्तर पर फहराया है। इस अवसर पर संस्था निदेशक रवि कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत व कुशल अनुभवी टीम के अथक प्रयास से संभव हो सकी। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रबंध निदेशिका अनामिका पूनियां ने सभी सफल छात्र-छात्राओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुभाषचंद्र झाझड़िया, सुरेंद्र मान, राजेंद्रसिंह हर्षवाल, रामनिवास भड़िया, विकास ढ़ेवा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना के आवेदन पत्रों के आक्षेप पूर्ति की अंतिम तिथियां की गई निर्धारित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों में से कुछ आवेदन पत्रों में आंशिक कमियां, आक्षेप व रेड फ्लेग में होने के कारण विभाग द्वारा आक्षेपित किया है। ऐसे आवेदन पत्रों में संबंधित विद्यार्थी व शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति करने के लिए अवसर दिए जाने के उपरांत भी कतिपय विद्यार्थियों व शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाइन फॉरवर्ड नहीं किया गया है। जिसकी वजह से ऐसे छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं भुगतान संबधी कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के स्तर पर आक्षेप व अन्य कारणों से लंबित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर शिक्षण संस्थान को ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतकर्ता अधिकारी तक ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि उपरांत समस्त आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र—छात्राओं एवं शिक्षण संस्थान की होगी।

# श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा 10 मार्च को

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ 10 मार्च सोमवार को चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण करेंगे। रंग बिरंगे सजे—धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान होंगे। जिसमें एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए जाएंगे। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में 10 मार्च सोमवार एकादशी सुबह 9:15 बजे निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत श्याम भक्त रामाकांत हलवाई के सानिध्य में ली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम खेतान मोहल्ला में बाबा श्याम के दरबार में छप्पन भोग एवं फलों का प्रसाद भी लगाया जाएगा। श्री श्याम निशान पदयात्रा को गरिमामय रूप से संपन्न करवाने में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, आशीर्वाद पैलेस के परिवारजनों में केशरदेव तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, केशव पंसारी, अरुण ढंढारिया, सुशील रिंगसिया, सौरभ रिंगसिया, अशोक अनुज गाडिया, रोहित भगत, नवीन जालान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, स्मित जालान, दिलीप हंसासरिया, राकेश एवं मुकेश टेकड़ीवाल गणमान्य जन में विजय कुमार तुलस्यान, माधव तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, योगेश खंडेलिया, हरीश खंडेलिया, आशीष जालान एवं आशीष श्रीमोहन तुलस्यान सहित अन्य गणमान्य जन का सपरिवार प्रतिवर्ष सराहनीय योगदान रहता है। विदित है कि श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था न केवल धार्मिक कार्यक्रमों में अपितु सामाजिक सरोकारों में भी अपनी अग्रणी भूमिका पिछले पांच वर्षों से लगातार निभा रहा है। जिसमें दानदाताओ के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं भोजन की थाली वितरण, सड़क सुरक्षा के अंतर्गत हेलमेट वितरण, सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण प्रमुखता से किया जा रहा है। कोराना काल में दानदाताओं के सौजन्य से संस्था की ओर से मास्क, सेनेटाइजर, सेनेटाइजर स्टैंड एवं खाद्य सामग्री का वितरण बड़ी संख्या में किया गया। जिसके लिए संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान को झुंझुनूं एकेडमी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में केबिनेट मिनिस्टर द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# शिव गौशाला में लगे निशुल्क चिकित्सा शिविर में 472 रोगी लाभान्वित




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** रघुनाथपुरा के स्व. मुकेश रेपस्वाल की याद में शिव गौशाला में विशाल निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। जिसमें 472 रोगी लाभान्वित हुए। सुमेर सिंह रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में 113 लोगों ने जांच करवाई। वीरेंद्र रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगेंद्र गढ़वाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मिला, नशा मुक्ति एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुलहरि, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक झाझड़िया, जनरल फिजीशियन डॉ. विकास चौधरी, मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने सेवा दी। रेपस्वाल ने बताया कि शिविर में मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध रही। साथ ही आंखों की फेको मशीन द्वारा एवं पेशाब, खून, बीपी, शुगर और ईसीजी की जांचे निशुल्क हुई। इससे पहले शिव गौशाला में गायों के लिए सवामणी की गई। रघुनाथपुरा मुख्य बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए बैठने के लिए पांच कुर्सी रखी गई। रघुनाथपुरा गांव के नवयुवक मंडल द्वारा घोषणा की गई कि कभी भी किसी को रक्तदान को आवश्यता होती तो मंडल की टीम रक्तदान करेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिप सदस्य अजय भालोठिया, पंस सदस्य बसंत चौधरी, पूर्व जिप सदस्य राजेंद्र केड, पूर्व जिप सदस्य राजीव गौरा, पूर्व सरपंच फोरम जिलाध्यक्ष विजयपाल भाटीवाड़, रघुनाथपुरा सरपंच सजंय नेहरा, पोसाना सरपंच प्रतिनिधि अमित ढेवा, गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया, उदयपुरवाटी तहसीलदार रजनी यादव, उदयपुरवाटी थानाधिकारी कस्तूर वर्मा, भाजपा नेता वीरपाल सिंह शेखावत, सुशील मलसरिया, सुरेंद्र रसगनिया, प्रोफेसर रामकुमार सिंह रेपस्वाल, डॉ. शिवताज सिंह रेपस्वाल, शिक्षाविद हवासिंह भूरिया आदि मौजूद थे।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन

**झुंझुनूं।** मंगलवार को श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ एवं भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को अभी से बचत की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा बचत को सही जगह निवेश कर जीवन को खुशहाल बनाने का मंत्र दिया। बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. कविता चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात मुख्य वक्ता हिमांशु शर्मा ने वित्तीय प्रबंधन, निवेश के जोखिम व सावधानियां, निवेश के विभिन्न क्षेत्रों आदि को रोचक उदाहरण द्वारा समझाया और अपनी आय का बजट बनाकर बचत को सही जगह निवेश और इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित प्रतिभागियों ने मुख्य वक्ता से निवेश के तरीके तथा बचत के विकल्प आदि के बारे में प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि यह वेबीनार विद्यार्थियों तथा सभी संकाय सदस्यों के लिए बहुत ही उपयोगी रहेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार डॉ. आकांक्षा डूडी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे, साथ ही कई प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### झुंझुनूं विप्र समाज का प्रतिनिधि मंडल ने घनश्याम तिवाड़ी से की शिष्टाचार भेंट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में झुंझुनूं विप्र समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवारी से जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में जाकर शिष्टाचार भेंट की। जानकारी देते हुए भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया समाज का प्रतिनिधिमंडल तिवारी का माला व दुपट्टा पहन कर फूल का गुलदस्ता भेंट किया। विप्र समाज के प्रबुद्धजनों ने घनश्याम तिवाड़ी से विप्र समाज को राजनीतिक पटल पर उचित प्रतिनिधित्व देने के साथ ही सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार बासोतिया, उमाशंकर महमिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, समाज के जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

### सेवा भारती सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करेगी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** सेवा भारती समिति चिड़ावा की जिला बैठक समिति के जिलाध्यक्ष विष्णुकांत अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री द्वारकाप्रसाद का मार्गदर्शन मिला। बैठक में आगामी अक्षय तृतीया को सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय किया गया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों का विवाह सेवा भारती करवाएगी। बैठक में जिला मंत्री महेंद्र कुमार सैनी, जिला सह मंत्री नरेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिता मोदी, ओमप्रकाश टेलर, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा, सेवाराम गुप्ता, डॉ. शंभू पंवार, प्रोफेसर केएम मोदी, सुरेश जलिंद्रा, शालिनी गुप्ता, स्वाति गुप्ता, संदीप शास्त्री, संजय गोयल, सुभाष व्यास, संदीप शर्मा, सुरेंद्र कौशिक, डॉ. बीएल वर्मा, हरीश सोलंकी, रामनिवास वर्मा, प्रवीण वर्मा, रामकिशन सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लाइब्रेरी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मंगलवार को डॉ. बाबा साहब अंबेडकर भवन झुंझुनूं में मास ग्रुप द्वारा संचालित लाइब्रेरी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंबेडकर भवन के संचालक महावीर सानेल, डॉ. महेंद्र सानेल, पवन, डॉ. नीतेश गर्वा, विकास के द्वारा संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में लाइब्रेरी के छात्र—छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम व बाबा साहब के बारे में विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में लाइब्रेरी के लगभग 150 लड़कों एवं लड़कियों ने भाग लिया। यह लाइब्रेरी अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए मास ग्रुप द्वारा संचालित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन अशोक एवं हरिश मालसर द्वारा किया गया। संचालन में अविनाश, जितेंद्र, आशीष, योगेश, निशांत, सचिन आदि द्वारा सहयोग किया गया।

### जिला संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्टर को ज्ञापन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार विरोधी संघर्ष समिति झुंझुनूं जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति नई दिल्ली को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा ज्ञापन देकर मांग की गई है कि पंजाब राज्य में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वाले ऐसे असामाजिक तत्व ने देश देशद्रोह का काम किया है। भारत सरकार का शासन प्रशासन भारत गणराज्य के संविधान से चलता है इस घटना से देश के ज्यादा सम्मान है स्वाभिमान वगैरह आजाद पहुंचा है। यह भी मांग की गई है कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच आयोग का गठन करके पता लगाए कि इस प्रतिमा खंडित घटना के पीछे किन देशद्रोही शक्तियों का हाथ है और सामाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तारी करें। कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस अवसर पर संरक्षण प्रोफेसर जयलाल सिरोवा, बलबीरसिंह काला, सेवानिवृत डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, जिला महासचिव विकास आल्हा, कोषाध्यक्ष देवकरणसिंह महरिया, विधि सलाहकार एडवोकेट सीताराम सेवदा, मीडिया प्रभारी अभिषेक, एडवोकेट सुनील सेवदा, सुभाषचंद्र मारिगसर, एडवोकेट मंजू बरवड़, रामप्रताप बरवड़, सवाईसिंह सर्वा, रामकरण नारनौलिया, सतवीर बरवड़, अशोक, जगदीश बेरवाल, संजय शास्त्री, वीरेंद्र मीणा, महेंद्रसिंह चारावास, सरदारसिंह बलान,, बीएल बौद्ध, धर्मपाल शीला, अम्मीलाल गोठवाल, लीलाधर चौहान, नाहरसिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिकोत्सव का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खामनोर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपप्रधान वैभवराजसिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि उठारडा उपसरपंच कालूलाल गमेती, भामाशाह उपेंद्र सनाढय, पूर्व मंडी सचिव भगवतीलाल गमेती, आसाराम गमेती, किशनलाल का सानिध्य रहा। अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य नीतू शर्मा ने की। विद्यालय के भरत कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन में छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भामाशाह उपेंद्र सनाढय द्वारा विद्यालय में फिल्टरमय वाटर कूलर भेंट किया गया। उपप्रधान वैभवराजसिंह चौहान ने इलेक्ट्रॉनिक घंटी की घोषणा की गई। जगदीश कुमावत, निंबाराम, रामबरन मीणा, रानी सोनी, सुरेश कुमार मीणा, किरण खटीक, भरत कुमार शर्मा, दीपक कुमार मोदी, तरुणा सनाढय, कविता पारिक आदि मौजूद थे।

### पालीवाल बने भाजपा राजसमंद जिलाध्यक्ष

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** भाजपा संगठन पर्व के तहत राजसमंद भाजपा की बैठक कांकरोली में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ की अध्यक्षता, राजस्थान सरकार में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मार्गदर्शन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बोहरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि बैठक में भाजपा द्वारा प्रदेश द्वारा निर्देशित जिला अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया सर्व समिति से संपन्न हुई। सर्वसम्मति से भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष जगदीश पालीवाल का मनोनयन किया गया। कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नीदेवी चौधरी, जिला चुनाव अधिकारी नंदलाल सिंघवी, भंवरलाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पुरोहित, माधव चौधरी, अशोक राका आदि मौजूद थे।

### लोहार्गल की पावन धरा पर सूर्य सप्तमी महोत्सव चार फरवरी को

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आगामी चार फरवरी को सूर्य सप्तमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सूर्य सप्तमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। प्रधान सूर्यनारायण मठ लोहार्गल धाम के श्रीमद् जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य लोहार्गल पीठाधीपति महंत अवधेशाचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सूर्य सप्तमी महोत्सव पर भगवान सूर्य नारायण का बंगाली फूलों से अलौकिक श्रृंगार भी किया जाएगा एवं छप्पन भोग की झांकी भी सजाई जाएगी। महंत अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि चार फरवरी को मंदिर परिसर में सुप्रसिद्ध भजन गायकारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की जाएगी। भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। सूर्य सप्तमी महोत्सव को लेकर जगह-जगह पोस्टर का विमोचन किया जा रहा है। लोगों को आमंत्रित करने के लिए शीघ्र ही पीले चावल देकर न्योता दिया जाएगा।

### सीएचसी में लगाया गया फॉलोअप आयुष्मान आरोग्य शिविर

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावा में आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर लगाया गया। प्रभारी डॉ. विनोद राड़ व बीसीएमओ डॉ. संजीव कुलहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि फॉलोअप शिविर में शिविर पूर्व में पीएचसी, सीएचसी, ग्राम स्तर पर आयोजित शिविरों में से रैफर किए गए मरीजों का फॉलोअप किया गया। साथ ही सर्जरी योग्य मरीजों जांच कर उन्हें सर्जरी और आगामी उपचार की तारीख दी गई। सुभाषचंद्र ने बताया कि फॉलोअप शिविर में 775 मरीज लाभान्वित हुए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल गर्वा ने शिविर स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**खेतड़ी।** उपखंड के ग्राम बांकोटी में रविवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुश्ती, कबड्डी, 1600 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जम्प आदि खेलों का आयोजन किया गया।

# अलवर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना मेरा संकल्प है : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भिवाड़ी की वायु गुणवत्ता सुधारने और इसे स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी, भव्य भिवाड़ी बनाने के उद्देश्य से पूर्व में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसी क्रम में मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक माह का विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। इस अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा किशोर कुमार ने वार्ड नंबर 01 में जीएसटी कार्यालय के सामने से प्रातः 8 बजे फीता काटकर किया। जिला कलेक्टर ने स्वयं सड़क पर झाड़ू लगाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन की भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा, स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा इस सदी का दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी जन आंदोलन है। अलवर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना मेरा संकल्प है। हम सरकारी स्तर पर इस अभियान के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मैं अलवर की जनता से भी प्रार्थना करता हूँ कि व्यक्तिगत स्तर पर अपने आसपास सफाई रखकर इस अभियान से जुड़ें। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भिवाड़ी को स्वच्छ भिवाड़ी, हरित भिवाड़ी, भव्य भिवाड़ी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, सफाई केवल एक दिन या एक माह का अभियान नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो हमारे जीवन और समाज की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। यह केवल नगर परिषद या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी नागरिकों की समान जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी श्रीमती ज्येष्ठा मैत्रेयी ने नागरिकों से अपील की कि वे सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा, सड़क पर कचरा न फेंकें, पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और कचरे का सही प्रबंधन करें। बच्चों और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित करना आवश्यक है, क्योंकि वे हमारे समाज के भविष्य हैं। यह अभियान तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर इसे एक आंदोलन का रूप देंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

# एडीजी मित्तल ने परिवार के साथ किए चारभुजा नाथ के दर्शन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त मुखिया एडीजी सचिन मित्तल ने सोमवार को परिवार के साथ चारभुजा नाथ के दर्शन किए। पुजारी जगदीश चौहान ने राज भोग का प्रसाद दिया। पुजारी लक्ष्मण गुर्जर ने स्वागत कर मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी ली। सभी पूजारियों ने पूजा अर्चना कर होली पर आने का न्यौता दिया। इस पर उन्होंने न्यौता स्वीकार किया। राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, उप अधीक्षक ज्ञानेंद्रसिंह, चारभुजा थाना अधिकारी प्रीती रत्नु, मांगीलाल पंचोली,जगदीश राजावत, रमेश पंचोली, सुरेश गुर्जर, दिनेश पंचोली, गिरधारीलाल मौजूद थे।

### वोराट चौखला समाज के चुनाव 2 फरवरी को

राजसमंद। विश्वकर्मा धाम तीर्थ स्थल वागुन्दा मंदिर प्रांगण में वोराट चोखला जांगिड़ सुथार समाज के चुनाव 2 फरवरी को होंगे । जांगिड़ समाज वोराट चौखला अध्यक्ष देवीलाल जांगिड़ ने बताया कि कार्यकारिणी के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नए कार्यकारी का गठन 2 फरवरी बसंत पंचमी पर चौटाला अध्यक्ष एवं समिति कार्यकारिणी के सानिध्य में होंगे। जहां पर पूरी नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

**14 साल की नाबालिग से यौन शोषण का मामला**

# पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा मिले डीआईजी शरद चौधरी से



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर में 14 साल की नाबालिग के साथ एक बुजूर्ग द्वारा यौन शोषण किए जाने के मामले में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने डीआईजी शरद चौधरी से मुलाकात की। अपने समर्थकों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे पूर्व मंत्री गुढ़ा ने डीआईजी चौधरी से मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही बताया कि बड़ी ही चिंता का विषय है कि जिस आरोपी ने ऐसा घिनौना काम किया है। उसे पुलिस गिरफ्तार करने के बाद छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपी गिरफ्तार नहीं होता है और उसे कड़ी से कड़ी सजा नहीं दिलाई जाएगी। तो वे आंदोलन करेंगे। डीआईजी से मिलने पहुंचे गुढ़ा की मुलाकात एसपी कार्यालय में विधायक राजेंद्र भांबू से भी हुई। इस मौके पर पूर्व मंत्री गुढ़ा ने भांबू को भी पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। भांबू ने कहा कि इस तरह की वारदात हुई है तो कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने भी डीआइजी शरद चौधरी से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। आपको बता दें कि झुंझुनूं शहर में एक 14 साल की बच्ची को साफ—सफाई कराने के बहाने एक बुजूर्ग ने बुलाया था। परिजनों का आरोप है कि बुजूर्ग ने बच्ची के साथ यौन शोषण किया। इस घटना में बुजूर्ग के साथ मोहल्ले के लोगों द्वारा मारपीट करने का वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले को लेकर शहर कोतवाल नारायण सिंह कविया ने बताया कि इस मामले में पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिशें दे रही है। तीन टीमों का गठन किया गया है। ना केवल आरोपी, बल्कि उसके दोनों बेटे भी फरार है। पुलिस को गुढ़ा रोड पर आरोपी के निर्माणाधीन मकान से उसका मोबाइल मिला है। वहीं पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल करवाते हुए कोर्ट में बयान करवाए।

# श्री वैष्णव ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह समारोह 2 फरवरी को



**अलवर।** वैष्णव ब्राह्मण समाज समिति खेरली अलवर के तत्वाधान में आगामी 2 फरवरी बसंत पंचमी रविवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमोहन वैष्णव और पूर्व ब्लाक एवं जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 2 फरवरी बसंत पंचमी रविवार को वैष्णव ब्राह्मण धर्मशाला खेड़ली का उद्घाटन एवं प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है वैष्णव ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रूपराम वैष्णव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कलश यात्रा,मंगल कलश, पंचायत मंदिर से बारात प्रस्थान प्रात 9 बजे,धर्मशाला उद्घाटन प्रात सवा दस बजे, मुख्य अतिथियों का सम्मान सवा 11 बजे, वरमाला कार्यक्रम दोपहर सवा 12 बजे, पाणिग्रहण संस्कार सवा बजे, प्रति भोज सवा 2 बजे एवं विदाई सायं 4 बजे होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में केन्द्रीय रेल एवं दूरसंचार विभाग मंत्री अश्विनी वैष्णव, भारत सरकार केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, भारत सरकार डॉक्टर किरोड़ी मीणा कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार जवाहर सिंह वैडम, गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार ,संजय शर्मा वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार पूर्व सांसद एवं तिजारा विधायक,महंत बालक नाथ, निवर्तमान सांसद भरतपुर रंजीता कोली, कठूमर विधायक रमेश खीची खेड़ली नगर पालिका अध्यक्ष,संजय गीजगडिया, अति विशिष्ट अतिथि जयंतीभाई वैष्णव, राम चंद्र वैष्णव न्यायाधीश,बृजेष कुमार शर्मा, आईएएस राज सिंह स्वामी, प्रवीण स्वामी, आईपीएस राहुल प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने किया 11 बेटियों का कन्यादान, चरण धोकर मांगा आशीर्वाद

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर के रिवाज रिसोर्ट में उस समय वातावरण भाव-विभोर कर देने वाला हो गया, जब पुलिस अधिकारियों ने 11 बेटियों का कन्यादान किया और उनके चरण धोकर तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट,खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट और नमस्ते गुरुजी फाउंडेशन के सहयोग से कन्यादान कार्यक्रम में अतिरिकत पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सिटी अंगद शर्मा, उपाधीक्षक डा. पूनम चौहान तथा यातायात प्रभारी हरिओम मीणा ने 11 बेटियों का कन्यादान किया। नेक कमाई की ओर से संरक्षक दौलत राम हजरती, कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने संस्था के कन्यादान कार्यक्रम की जानकारी दी और अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रोफेसर जी. डी. मेहंदीरत्ता, सोनिका अरोड़ा, कमला यादव, प्रतिभा सिंह, राहुल खंडेलवाल टिल्लू, ललित बेनीवाल, गुरुप्रीत सिंह पवित्र, निशा शर्मा, सुशील गुप्ता, सुरेश हुंडी वाला, जितेन्द्र खुराना, सुरेश तनेजा, प्रमोद मलिक, जीडी मेहंदीरत्ता, ललित बेनीवाल, प्रेम गांधी, डा. निशा शर्मा, राजेन्द्र आहूजा आदि थे। जब समाज के गणमान्य लोग और पुलिस अधिकारियों ने दुल्हनों की आरती की ओर उनके चरण धोए तो वे भाव- विभोर हो गई। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक डा. प्रियंका स्वयं दुल्हनों को कार्यक्रम स्थल तक संगीत की ध्वनी के साथ लेकर आई।

# एसएमटीआई में कौशल दक्षता प्रदर्शिनी एवं डोजो सेंटर का शुभारंभ




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बगड़।** शिवओंकार माहेश्वरी तकनीकी संस्थान में रोजगारपरक व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी एवं सुब्रोस लिमिटेड द्वारा प्रायोजित डोजो ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी थे। विशिष्ट अतिथि बगड़ चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़, जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव, पीरामल बालिका उमावि बगड़ की प्रधानाचार्या उमा पुरोहित एवं संस्थान सीईओ विकास खटोड़ द्वारा फीता खोल कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत बगड़ आईटीओटी प्राचार्य कुंभाराम, फॉर्मेसी कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. विवेक कौशिक, एसएमटीआई अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, नवीन सैनी व बाबूलाल सैनी द्वारा दुपट्टा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। आईटीआई अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा कौशल दक्षता प्रदर्शनी के माध्यम से संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कार्यकुशलता को मॉडलों के रूप में प्रदर्शित किया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आस-पास के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं आगंतुकों को व्यावसायिक कुशलता अर्जित करने के लिए प्रेरित करना है। प्रदर्शनी का दूसरा मुख्य आकर्षण डोजो ट्रेनिंग सेंटर रहा है। जो सुबोस लिमिटेड द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को कार एससी प्रशिक्षण देने के लिए संस्थान में लगाया गया है। सुब्रोस कंपनी के प्रतिनिधि एवं डोजो ट्रेनिंग इंचार्ज विजय कुमार ने बताया कि डोजो शब्द जापानी भाषा में लिया गया है। डोजो ट्रेनिंग के द्वारा उद्योगों में सुरक्षा, गुणवत्ता, उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाता है।

## पेज एक का शेष...

### 'आप' ने किया जनता के साथ धोखा...

सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के लोग चुनाव आने पर मदारी की तरह आते है और जनता को झूठे वादे और सपने दिखाकर भ्रमित करते हैं। सीएम शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली के मुंडका और रिठाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

**दिल्लीवासियों को मिलेगी 'आप-दा' से मुक्तिः-** रिठाला विधानसभा क्षेत्र की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्द मौसम में दिल्लीवासियों का उत्साह और गर्मजोशी बता रही है कि दिल्ली का मौसम बदलने जा रहा है। दिल्ली को आप-दा से मुक्ति मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ की जिस सीढ़ी की मदद से सत्ता तक पहुंची थी, उसका सच अब दिल्ली की जनता ने पहचान लिया है। इनके कई नेता आज भी जेल में हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 10 साल में इतने घोटाले किए कि उनकी सूची बनाई जा सकती है। 28 हजार 400 करोड़ रूपये का जल बोर्ड घोटाला, 5,400 करोड़ रूपये का राशन वितरण का घोटाला, 4,500 करोड़ रूपये का डीटीसी बस की खरीदी में घोटाला, 500 करोड़ रूपये का बस में पैनिक बटन का घोटाला, 100 करोड़ रूपये वक्फबोर्ड संपत्ति घोटाला जैसे घोटाले उनके भारी भ्रष्टाचार का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने यह संकल्प लिया है कि दिल्ली को विकसित करने और हर वर्ग के कल्याण के लिए काम करके दिखाएगी। गिग वर्कर्स को 10 लाख रूपये तक का जीवन बीमा और 5 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। टैक्सटाइल वर्कर्स को 10 लाख रूपये तक का जीवन बीमा, 5 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा एवं 15,000 रूपये का टूलकिट प्रोत्साहन दिया जाएगा। निर्माण श्रमिकों को टूलकिट प्रोत्साहन के लिए 10,000 रूपये, 3 लाख रूपये तक का ऋण, 5 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा एवं 10 लाख रूपये तक का जीवन बीमा दिया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### सीजेएम कोर्ट में मामला दर्ज...

उनके द्वारा धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से यह बयान दिया गया है।

**खरगे के समर्थन में बघेलः-** छत्तिसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान का बचाव किया है। बघेल ने कहा है कि ये जो ढकोसला कर रहे हैं उसका विरोध है। सनातन का कोई विरोध नहीं है। अगर आप पाप करते हैं और डुबकी लगाते हैं, तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपके पाप धुल जाएंगे। अगर मन शुद्ध है, तो मां गंगा आशीर्वाद देती हैं।' बघेल ने कबीर और रविदास जैसे महान संतों का उदाहरण देते कहा कि वो कहते हैं कि मन की मलिनता को साफ करनी चाहिए।

# ऑटोमेटिक ट्रेक की थमी चाल, सैंकड़ों लर्निंग लाईसेंस रद्दी बने, लोगों में रोष



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पिछले दिनों अलवर के दो अधिकारियों के एसीबी द्वारा ट्रैप किए जाने एवं जयपुर में डीटीओ संजय शर्मा के यहां हुई एसीबी की विषाल कार्यवाही के बाद अलवर आरटीओ आफिस में भी करीब 15 दिनों से लाईसेंस का काम बंद है जिसके चलते सैकडो की संख्या में लर्निंग लाईसेंस डेट निकलने के कारण खराब हो चुके है जिसके कारण एजेन्टों के अलावा लाईसेंस धारकों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

**क्यों बंद है यहां लाईसेंस का काम :** पिछले दिनों अलवर नगर परिषद के अधिकारी को जयपुर विधानसभा के पास इसके कुछ समय बाद ही अलवर में राजस्व अधिकारी को रिष्वत लेते एसीबी ने पकडा था वही जयपुर में अपनी आय से ज्यादा धन कमाने वाले डीटीओ के घर और अन्य ठिकानों पर पडी एसीबी की रेड ने उन सभी पब्लिक डिलिंग आफिसों के कान खडे कर दिए जहां एजेंटों के माध्यम से सुविधा शुल्क लेकर काम किया जाता है इनमें अलवर आरटीओ आफिस भी शामिल है यहां भी सुविधा शुल्क लेकर ही आम जन का काम किया जाता है जिसमें मोटी कमाई का मुख्य श्रोत यहां का ऑटोमेटिक ट्रेक है जो फिलहाल सुविधा शुल्क के लिए बंद है बाकी अगर कोई वाहन चालक अपना लाईसेंस बनवाना चाहे तो वह अपनी यहां गाडी चला सकता है पास-फेल की कोई गारंटी नही है।

**सैंकड़ो लर्निंग लाईसेंस बने रद्दी लोगो में रोष :** यहां पूर्व में लगातार रोजाना पचास से साठ लाईसेंस बनाए जाते थे जिनमें सभी के पास होने की गारंटी होती थी क्योंकि ये सभी लाईसेंस दलालों के माध्यम से बनवाए जाते थे जिनका मोटा सुविधा शुल्क विभाग द्वारा प्राईवेट लोगों के माध्यम से वसूला जाता था लेकिन अब अलवर आरटीओ आफिस भी एसीबी के रैडार पर है इसी भय के चलते विभाग ने लाईसेंसों पर अभी सुविधा शुल्क लेना बंद कर रखा है जिसके चलते एजेंटों के पास पडे सैकडो की संख्या में लर्निंग लाईसेंस डेट निकलने के कारण रद्दी हो चुके है क्योंकि एजेंट को अभ्यार्थी के फेल होने के भय से अपने लोगों को वाहन चलाने के लिए ट्रेक पर नही भेज रहे है क्योंकि वे जानते है कि अगर उन्हें ट्रेक पर भेज दिया तो लाईसेंस अभ्यार्थी फेल होगा और फिर उसकी दोबारा फीस जमा करा कर टई के लिए दुबारा बुलाना पडेगा इसलिए वे उचित समय का इंतजार कर रहे है जब सुविधा शुल्क के साथ ट्रेक रनिंग पर आएगा।

# शीतला माता मंदिर में छोड़े मुर्गे, नाराज लोगों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार सुबह दो जीवित मूर्गे मिले। दरअसल नगरपालिका के सफाई निरीक्षक ललित शर्मा दैनिक सफाई निरीक्षण के लिए सुबह करीब 5.45 बजे शीतला माता चौक के पास पहुंचे तो उन्हें रोककर पास से गुजर रहे युवकों ने बताया कि शीतला माता मंदिर में गर्भगृह के सामने गले में मौली बंधे हुए दो सफेद मुर्गे बैठे हुए हैं। ललित शर्मा ने मंदिर में जाकर देखा और बैठे हुए मूर्गों को कब्जे में लेकर पुराने नगरपालिका भवन में लाकर कमरे में बंद कर दिया व नगरपालिका ईओ को इसकी सूचना दी। लेकिन कुछ ही देर में मंदिर गर्भगृह के सामने बैठे इन मुर्गों की तस्वीर सोशल मीडिया में फैल गई। जिससे बड़ी संख्या में शहर के लोगों ने नाराजगी जताई। क्योंकि इससे पहले नवलगढ़ के किसी मंदिर में इस प्रकार की घटना नहीं हुई। ईओ नवनीत कुमार ने शीतला माता मंदिर के पास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। इनमें से एक फुटेज सुबह 3.46 बजे 2 महिला व 1 युवक मंदिर की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं और करीब 15 मिनट बाद वापस उसी रास्ते से लौटते भी दिखाई दिए। लेकिन स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह लोग मंदिर में जाकर आए या कहीं और। इसके बाद भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी जयसिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के अनुसार शीतला माता मंदिर में जीवित मूर्गे चढ़ाकर हिंदुओं की धार्मिक भावना को आघात पहुंचाने की कोशिश की गई है। इसलिए मामले की गहन जांच करके दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

## सुविचार

जीवन में अगर ये समझ गये हैं कि क्या याद रखना है और क्या भूलना है; तो आप बहुत आगे निकल गये हैं।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर श्रद्धा व आस्था का 'महास्नान'

महाकुंभ मेला भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का अद्वितीय संगम है। इस प्रयागनगरी में चल रहे महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था देखने को मिल रही है। इसके बीच सबसे बड़ा कारण है 144 वर्षों बाद ग्रहों का अद्भुत संयोग। न केवल भारत के सभी हिस्से के लोग बल्कि दुनिया के कोने कोने से लोग महाकुंभनगरी पहुंच आस्था की डुबकी लगा अपने आपको धन्य समझ रहे हैं। ऐसे में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। अब तक के सांख्यिकी पर नज़र डाले तो यह माना जा रहा है कि बुधवार, 29 जनवरी को 10 करोड़ के आस-पास लोग संगम में डुबकी लगाएंगे। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के धार्मिक पहलू की बात करें तो मौनी अमावस्या मौन धारण करने और आत्मनिरीक्षण करने का दिन। अमावस्या चंद्रमा की ऊर्जा के शांत होने का प्रतीक माना जाता है। इस दिन को ध्यान, साधना और अपने भीतर के ईश्वर को अनुभव करने के लिए उत्तम माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता भी गंगा में स्नान करने के लिए पृथ्वी पर आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश से छलके हुए अमृत की बूंदें प्रयागराज सहित चार स्थानों पर गिरी थीं। इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। मौनी अमावस्या पर स्नान करना मानो अमृत की उन बूंदों से लाभान्वित होने जैसा है। यह परंपरा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत बनाती है। वहीं यदि मौनी अमावस्या पर कुंभ में स्नान के सामाजिक पहलू की करें तो यह सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। देश के कोने-कोने से लोग यहां आकर एक साथ स्नान करते हैं, जो भारतीय समाज की एकता और अखंडता को दर्शाता है। यह आयोजन जाति, धर्म और भाषा की सीमाओं को पार करके लोगों को एक मंच पर लाता है। यही कारण है कि धर्म, जाति एवं भौगोलिक सीमाओं से परे जा चुके इस पावन स्नान पर महाकुंभ में होने अमृत स्नान के प्रति विशेष आकर्षण देखने को मिलता है। ऊपर से ग्रहों के दुर्लभ संयोग ने इसकी महत्ता को और बढ़ा दिया है। इसके चलते अनुमान से कहीं अधिक श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने की संभावना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने भी पूरी तैयारी कर ली है। मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला क्षेत्र को कुछ दिनों के लिए नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने और वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

## यूसीसी लागू होने के बाद

# लिविंग रिलेशनशिप को मिली वैधता



डॉ. अनिता राठौर

उत्तराखंड में 27 जनवरी 2025 से लागू हुआ यूनिफॉर्म सिविल कोड कानूनन से ज्यादा एक राजनीति फैसला है, लेकिन इस फैसले से अब लिविंग रिलेशनशिप जैसे संबंधों का दुरुपयोग नहीं होगा; क्योंकि उत्तराखंड में अब हर लिविंग में रहने वाले जोड़े को एक माह के भीतर अपने आपका अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। लिविंग में आने के एक महीने के भीतर अगर यह पंजीकरण नहीं कराया गया तो न्यायिक मजिस्ट्रेट दोषी को तीन माह के कारावास की सजा या 10 हजार रुपये का जुर्माना या फिर दोनो सजा सुना सकते हैं। क्योंकि यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू होने के बाद लिविंग रिलेशनशिप की व्याख्या पूरी तरह से बदल गई है।

इमेज

इस बदली हुई व्याख्या के अनुसार लिविंग के दोनों साथियों में से कोई भी इस रिश्ते को जब चाहे खत्म कर सकता है, लेकिन उसे इसकी सूचना भी सबरजिस्ट्रार को देनी होगी। कुल मिलाकर अगर देखें तो यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिविंग रिलेशनशिप पूरी तरह से परिभाषित हो चुका है। लिविंग रिलेशनशिप को लंबे समय से एक कानूनी दायरे की जरूरत थी। हालांकि अभी तक वैधानिक रूप से यह सिर्फ उत्तराखंड की भौगोलिक सीमाओं के भीतर ही कानूनी रूप में आया है, लेकिन जल्द ही यह देश के दूसरे हिस्सों में भी वैधता हासिल करेगा। इसकी लंबे समय से जरूरत भी महसूस की जा रही थी, क्योंकि लिविंग रिलेशनशिप एक सामाजिक व्यवस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है। भारतीय समाज में विवाह की संस्था को बहुत महत्व दिया जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ ऐसे रिश्तों की संख्या बढ़ी है, जिनमें लोग विवाह के बंधन में बंधे बिना यानी लिविंग रिलेशनशिप में रहना पसंद कर रहे हैं। हालांकि भावनात्मक रूप से ऐसे लोग हमेशा शुरुआत में यही दलील देते हैं कि उन्हें आपस में एक दूसरे पर अटूट भरोसा है, लेकिन अब तक एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों मर्तबा ऐसी स्थितियां सामने आयी हैं, जब इस रिश्ते को कानूनी दायरे में लाने की बार बार जरूरत महसूस हुई है। मसलन सुप्रीम कोर्ट ने साल 2010 में डी. वेलुसामी बनाम डी. पद्मालथी के मामले में कहा था कि लंबे समय तक साथ रहने वाले जोड़ों को पारिवारिक संबंध की श्रेणी में रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य दरअसल लिविंग रिलेशनशिप में रह रही महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा देना था। लेकिन स्पष्ट रूप से इस संबंध में कानूनन व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति स्पष्ट नहीं थी। अब जबकि उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो चुकी है, तो महिलाओं को इसके चलते लिविंग में रहते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत सुरक्षा मिलेगी।

ऐसा ही एक मामला वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। इस संबंध में भी साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट के सामने लिविंग रिलेशनशिप का एक मामला आया था, जब इंदिरा सरमा बनाम वीकेवी सरमा का मामला सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचा था और इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा का अधिकार है। यह घरेलू हिंसा के साथ साथ वित्तीय सुरक्षा का भी मामला था। ऐसे ही एक तीसरे मामले में तुगराम बनाम सीताराम (2011) का मामला राजस्थान हाईकोर्ट के सामने आया था, जब राजस्थान हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया था कि लिविंग रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को संपत्ति पर हक दिया जा सकता है। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि लिविंग रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के बच्चों को अवैध नहीं माना जा सकता। अतः इन बच्चों को अपने माता-पिता की संपत्ति पर अधिकार होगा बशर्ते यह साबित हो सके कि उनके माता पिता लंबे समय तक लिविंग रिलेशनशिप में रहे, जो कि विवाह जैसा ही एक संबंध माना जा सकता है। वास्तव में यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीने के अधिकार और गरिमा को सुनिश्चित करता है। यह बच्चों के हितों को प्राथमिकता देने पर भी जोर देता है, क्योंकि वे किसी भी प्रकार के सामाजिक या कानूनी भेदभाव के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकते। इस तरह देखा जाए तो अलग अलग अदालतें दशकों से लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाने या बांधने की कोशिश करती रही हैं, मगर इसके लिए कोई व्यवस्थित कानूनी जामा नहीं था। उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड अब ऐसे मामलों में लिए व्यवस्थित कवच है। जिस तरह से हाल के दशकों में बार बार लिविंग रिलेशनशिप संबंधी विवाद पुलिस और अदालतों के सामने आते रहे हैं, उसे देखते हुए उत्तराखंड में लागू समान नागरिकता संहिता में इस मामले को बहुत व्यवस्थित ढंग से डील किया गया है। 27 जनवरी 2025 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में इसके लागू होने घोषणा करने के साथ ही अब लिविंग रिलेशनशिप जैसा मामला पूरे देश के लिए एक व्यवस्थित कानूनी दायरे में आ गया है। क्योंकि उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के तहत कई तरह के ऐसे प्रावधान किये गये हैं, जिसमें लिविंग रिलेशनशिप में रह रहे युवाओं के लिए एक व्यवस्थित आचार संहिता निर्मित की गई है। इस आचार संहिता में लिविंग में रहे यहे युवाओं के लिए स्पष्ट नियम इसलिए बनाये गये हैं ताकि इस आजादी का वह दुरुपयोग न कर सकें। इसीलिए अब लिविंग रिलेशनशिप के तहत एक साथ रहना शुरु करने के एक माह के भीतर ऐसे कपल्स को अपनी फोटो व जरूरी डॉक्यूमेंट देकर इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और रजिस्ट्रेशन कराकर सर्टिफिकेट हासिल करना होगा। इसका उद्देश्य यही है कि लिविंग में रहने वाले कपल एक दूसरे को आसानी से धोखा देने की कोशिश न करें। लेकिन एक सवाल ये है कि अगर कोई कपल लिविंग में रह रहा है और कुछ दिनों बाद उनके ब्रेकअप हो जाता है, तो क्या उन्हें इसकी भी जानकारी देनी होगी? उत्तराखंड में लागू हुई यूसीसी के प्रावधान के तहत कपल को अपने बीच ब्रेकअप होने की जानकारी भी रजिस्ट्रार को देनी होगी ताकि अगर रिलेशनशिप में रहते हुए उस कपल को कोई बच्चा पैदा होता है तो उस बच्चे की मां अपने लिविंग पार्टनर से महिला गुजाराभत्ते की मांग कर सके।

कुल मिलाकर उत्तराखंड में लागू हुई यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत जिस तरह से लिविंग रिलेशनशिप को रखा गया है, उसका हर तरफ स्वागत हुआ है। लिविंग रिलेशनशिप को यूसीसी के तहत कानूनी दायरे में लाया जाना इस बात का संकेत भी है कि भारतीय न्यायपालिका और विधायिका सामाजिक बदलावों के साथ खुद को ढालने का प्रयास कर रही हैं। पिछले कुछ सालों में जिस तेजी से लिविंग रिलेशनशिप के दौरान आपराधिक घटनाएं बढ़ी थीं, उसके कारण इस लिविंग रिलेशनशिप को कानूनी दायरे में लाना जरूरी था। मगर समाज का एक ऐसा वर्ग है जो इस रिश्ते को कानूनी जामा पहनाने का विरोध कर रहा है। शायद इस विरोध की वजह यह है कि इस वर्ग को लगता है कि अब उसे इस रिश्ते के चलते मनमानी करने के मौके कम मिलेंगे।

## पंचांग

29 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | अमावस्या 18.07 तक |
| • वार | - | बुधवार |
| • नक्षत्र | - | उत्तराषाढ़ा 08.21 तक |
| • योग | - | सिद्धि 21.22 तक |
| • करण | - | किंस्तुघ्न 29.12 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.15 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.28 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.25 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.22 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | मकर |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | नहीं |
| • राहु काल | - | 12.51 से 14.16 |
| • व्रत, त्यौहार | - | दर्श अमावस्या, अन्वाधान, कुमारयोग 18.07 से सूर्योदय, श्री कुंभ महापर्व प्रयागराज त्रिवेणी संगम स्नान |
| • दिशा शूल | - | उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### डिप्रेशन के मरीजों के लिए मौनी अमावस्या का स्नान रामबाण औषधि

मौनी अमावस्या का दिन भारतीय संस्कृति में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे आत्मशुद्धि और पितृ शांति का दिन माना जाता है। इस बार महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के दिन शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**मौनी अमावस्या का महत्व :** मौनी अमावस्या पर मौन व्रत, स्नान, दान, जप और तप का विशेष महत्व होता है। पवित्र नदी, सरोवर या किसी तीर्थस्थल पर स्नान करना इस दिन को और पवित्र बना देता है। यह दिन पितृ तर्पण और शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ज्योतिष विजय रावल, जो ईशा ज्योतिष संस्था के संस्थापक हैं, का कहना है कि मौनी अमावस्या डिप्रेशन से जूझ रहे मरीजों के लिए रामबाण औषधि साबित हो सकती है। इस दिन पवित्र जल में स्नान करने से चंद्रमा के शांत प्रभाव के कारण मानसिक तनाव कम होता है। यह दिन नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर नई और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

**कुंभ में स्नान का विशेष महत्व :** इस वर्ष मौनी अमावस्या का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। कुंभ में त्रिवेणी संगम, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है, में स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ के इस अद्वितीय अवसर पर लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। त्रिवेणी संगम को सूर्य, चंद्र और तीन पवित्र नदियों का संगम माना जाता है। मौनी अमावस्या और महाकुंभ का यह संयोग इसे ऐतिहासिक बना रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन त्रिवेणी में स्नान से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**मानसिक और आध्यात्मिक शांति :** मौनी अमावस्या केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस दिन किए गए दान, जप, तप और यज्ञ से मन को शांति मिलती है। चंद्रमा को शांति और ठंडक का प्रतीक माना जाता है, और इस दिन उसका प्रभाव अधिक होता है। डिप्रेशन के मरीजों को विशेष रूप से इस दिन स्नान करने की सलाह दी जाती है। जल में स्नान से न केवल शरीर शुद्ध होता है, बल्कि नकारात्मक विचार और ऊर्जा भी समाप्त हो जाती है। विजय रावल का मानना है कि इस दिन का सही उपयोग करने से मानसिक और आत्मिक लाभ मिल सकता है।

**कैसे करें इस दिन का सही उपयोग :** यदि आप महाकुंभ में नहीं जा पा रहे हैं, तो अपने नजदीकी पवित्र नदी, सरोवर या तीर्थस्थल पर स्नान करें। स्नान के बाद मौन व्रत धारण करें और पितरों की शांति के लिए तर्पण करें। इस दिन दान का विशेष महत्व है, इसलिए यथासंभव दान करें।



## तारीख विशेष

### स्वतंत्रता संग्राम के महानायक 'लाला लाजपत राय'

लाला लाजपत राय, जिन्हें "पंजाब केसरी" और "शेर-ए-पंजाब" के नाम से जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के मोगा जिले में हुआ था। वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के उन प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाजपत राय ने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई पूरी की और वकालत के पेशे से जुड़ गए। लेकिन उनका दिल हमेशा देश की स्वतंत्रता के लिए धड़कता था। वे बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल के साथ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के "लाल-बाल-पाल" त्रिमूर्ति का हिस्सा बने। उनका मानना था कि आत्मनिर्भरता और शिक्षा के माध्यम से भारतीय समाज को जागरूक किया जा सकता है। लाला लाजपत राय ने कई सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की। उन्होंने 1920 में लाहौर में नेशनल कॉलेज की स्थापना की, जहाँ भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने शिक्षा प्राप्त की। वे आर्य समाज के विचारों से भी प्रेरित थे और भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। उनकी दृढ़ता और साहस का सबसे बड़ा उदाहरण 1928 का वह आंदोलन है, जब साइमन कमीशन के विरोध में लाहौर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन पर बर्बर लाठीचार्ज किया। इस घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए और 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया। उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक नई ऊर्जा लेकर आया। लाजपत राय ने "यंग इंडिया" और "अनहैप्पी इंडिया" जैसी पुस्तकों के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। उनका जीवन संघर्ष, साहस और निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से स्वतंत्र भारत के निर्माण की नींव रखी। लाला लाजपत राय का नाम भारतीय इतिहास में सदैव सम्मान और प्रेरणा के साथ लिया जाएगा। उनका अदम्य साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



## नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2025

# कायम है अब भी किताबों का जादू

लोकमित्र गौतम

**'विश्व पुस्तक मेला' महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला,साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद होता है। मसलन इस किताबों के इस मेले में पिछले कई सालों से यहां आने वाले आम और खास लोगों के बीच यह बहस जारी है कि क्या सूचना क्रांति के मौजूदा दौर में जब पढने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गयी हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है ?**

- इमेज

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित विश्व पुस्तक मेला-2025 के इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। आगामी 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में किताबों का यह मेला सजने जा रहा है। इस मेले के आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन और भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय हैं। पांच दशकों की समृद्ध साहित्य व सांस्कृतिक विरासत के साथ यह पुस्तक मेला इस बार रिपब्लिक/75 की थीम के साथ आयोजित हो रहा है। पुस्तक मेला जिस मंडपम में आयोजित किया जा रहा है, उसकी डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन द्वारा तैयार की गयी है। इस बार मेले की थीम यानी रिपब्लिक/75 को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन और कलाकृतियों का उपयोग होगा। यह मेला ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब दिल्ली प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी (5 फरवरी 2025) को सम्पन्न होंगे और मेले के रहते ही चुनाव नतीजे भी आयेंगे। वास्तव में रिपब्लिक/75 की थीम, भारतीय संविधान के 75 वर्षों के सफ़र तथा विकसित भारत की कल्पना में ज्ञान और किताबों की उपयोगिता के साथ संबद्ध है। बहरहाल दिल्ली में आयोजित होने वाला 'विश्व पुस्तक मेला' महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला,साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद होता है। मसलन इस किताबों के इस मेले में पिछले कई सालों से यहां आने वाले आम और खास लोगों के बीच यह बहस जारी है कि क्या सूचना क्रांति के मौजूदा दौर में जब पढ़ने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गयी हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है ? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि इस संबंध में स्थिति बड़ी विरोधाभासी है। आमतौर पर अगर आप सार्वजनिक स्थलों पर किताबों के भविष्य को लेकर लोगों से बातें करेंगे तो शायद 100 में 80 फीसदी या उससे भी ज्यादा लोग यही कहेंगे, अब किताबें कौन पढ़ता है। आमतौर पर प्रकाशक भी किताबों की बिक्री को लेकर यही बात कहते हैं। लेकिन अगर किताबों की बिक्री के वास्तविक आंकड़ों को देखें या बड़े बड़े लेखकों से बात करें तो या तेजी से लोकप्रिय हो रहे साहित्य उत्सवों में जुटने वाले लोगों के विचार सुनें तो यही लगता है कि किताबों का महत्व कभी कम नहीं होगा। यह यूं भी विरोधाभासी लगता है क्योंकि एक तरफ ज्यादातर भारतीय भाषाओं के दैनिक अखबारों में साहित्य छपना या तो बहुत कम हो गया है या बिल्कुल ही बंद हो गया है। दूसरी तरफ पूरे देश में साहित्यिक आयोजनों या जिन्हें आजकल 'लिट फेस्ट' कहते हैं, उनकी बाढ़ आ गई है। अकेले हिंदी में ही पूरे देश में हर साल 500 से ज्यादा बड़े और इससे दुगना बेहद स्थानीय लिटरेरी फेस्टिवल हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहित्य के बारे में लोगों को पढ़ने या जानने की रूचियां कम तो नहीं हुईं, लेकिन किताबों के बारे में जरूर अलग अलग बातें पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह से किताबों के मेलों का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं और किताबों के मेलों में जिस तरह भीड़ उमड़ती है तो सवाल तो यही उभरता है कि आखिर किताबों का जादू क्यों बरकरार है? यह जादू इसलिए भी माना जायेगा, क्योंकि इस 1 फरवरी 2025 से शुरू हो रहे मेले को ही लें, इसके बारे में जो जानकारियां आयी हैं, वो ये हैं कि जितने प्रकाशकों ने इसमें हिस्सा लेने के लिए इच्छा जतायी थी, उन सबको स्टॉल नहीं मिल सके। अगर किताबें बिकती नहीं हैं, किताबों में लोगों की रूचि नहीं है, तो फिर प्रकाशक पुस्तक मेले में स्टॉल लेने के लिए इस कदर इच्छुक क्यों होंगे, वह भी तब जबकि अब स्टॉल काफी महंगे हो चुके हैं? लब्बोलुआब यह कि किताबों का जादू कायम है और इसकी कई वजहें हैं। पहली महत्वपूर्ण वजह तो यही है कि आज भी पुस्तकों का सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व स्वीकार किया जाता है। दरअसल किताबें किसी भी समाज की संस्कृति, इतिहास और ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। वे समय के साथ विचारधाराओं और परंपराओं को संरक्षित रखती हैं, जो डिजिटल माध्यमों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ होता है। विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन तो इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहां सिर्फ किताबें ही नहीं बिकती बल्कि लेखकों, पाठकों और प्रकाशकों के बीच एक सरस और सुविधाजनक मेलजोल होता है, साहित्य, संस्कृति और विविध विचारो का, विविध भाषाओं के संदर्भों से आदान प्रदान होता है। किताबों का जादू शायद इसलिए भी कायम है, क्योंकि किताबों को पढ़ना जहां मानसिक शांति पाना है, वहीं लगातार स्क्रीन का उपयोग आंखों और दिमाग को थकाता है। लेकिन कागजों की पुस्तकें पढ़ने का अनुभव हमेशा स्क्रीन के मुकाबले शांतिपूर्ण और बिना किसी तनाव या कम से कम तनाव वाला होता है। हाल के सालों में हुए ऐसे कई शोधों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि किताबें पढ़ने से गहरी समझ बनती है और याद्दाश्त बढ़ती है, जबकि स्क्रीन में पढ़ने से चीजें याद नहीं रहतीं।



## गीता सार

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय
संभवाम्यात्ममायया ॥४-६॥

-: हिंदी भावार्थ :-

अजन्मा, अविनाशी और सभी प्राणियों का ईश्वर होते हुए भी मैं, अपनी प्रकृति को अधीन करके अपनी योगमाया से प्रकट होता हूँ ॥6॥

## बोले तो...



समाजवादी पार्टी के पीडीए में गरीब, नौजवान, युवाओं, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और समाज के किसी भी तबके की भलाई नहीं है। सपा के पीडीए ने अपराधियों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और दंगाइयों को बढ़ावा दिया है। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनती जा रही है।

-केशव प्रसाद मौर्य



"कांग्रेस ने हमेशा एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिंदू बहुसंख्यक की मान्यताओं का उपहास किया है। लोकसभा में 99 सीटों के बावजूद, वे हिंदू भावनाओं का सम्मान करने में असफल रहे हैं। यदि वे लोगों के विश्वास का सम्मान नहीं कर सकते, तो उनका अपमान करने से बचें।"

-चंद्रशेखर बावनकुले



मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान, जो ढकोसला कर रहे हैं उसका विरोध है। सनातन का कोई विरोध नहीं है। अगर आप पाप करते हैं और डुबकी लगाते हैं, तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपके पाप धुल जाएंगे। अगर मन शुद्ध है, तो मां गंगा आशीर्वाद देती हैं।'

-भूपेश बघेल

## कुछ अलग | अजब गजब

# सवा 2 किलो सोना, लग्जरी गाड़ियां और हाईवे पर जमीन, दहेज में लड़के को मिले करोड़ों

दहेज को अभिशाप माना जाता है। इसकी वजह से कई लड़कियों की जिंदगियां शादी के बाद खराब हो जाती हैं। किसी को उसके ससुराल से निकाल दिया जाता है, तो किसी को घर में मार दिया जाता है। सरकार ने दहेज को लेकर कई सख्त कदम उठाए, बावजूद इसके ये कुप्रथा बंद नहीं हुई। सोशल मीडिया पर कई बार दहेज से जुड़े वीडियो वायरल होते हैं। आज हम आपको एक ऐसा ही वीडियो दिखाने जा रहे हैं। इस वीडियो में लड़का अपने ससुराल पक्ष के सामने बैठा हुआ है। उसके हाथों में ढेर सारे सामान रखे हुए हैं। पीछे से दहेज में दी जाने वाली चीजों के बारे में बतलाया जा रहा है, जिसमें सवा दो किलो सोने से लेकर लग्जरी गाड़ी और हाईवे पर जमीन देने की बात भी की जा रही है। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को @abhi lon99 नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। हालांकि, यह वीडियो कहां का है, इसकी जानकारी तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन आप देख सकते हैं कि शादी से पहले लड़के का रोका (इंगेजमेंट) हो रहा है। उसके हाथ में कपड़ा, नारियल, सेब और पांच सौ की गड्डी रखी हुई है। पीछे एक शख्स शादी में किए गए वादों के बारे में बतला रहा है। वो शख्स कह रहा है कि लड़के के लिए 650 मीटर का एक प्लॉट, 120 मीटर का हाईवे पर प्लॉट है। लड़के के लिए एक राडो की घड़ी, एक रेंज रोवर



गाड़ी, एक टोयोटा की इनोवा है। सवा दो किलो सोना भी लड़के को देने की बात हो रही है। साथ ही 5 किलो चांदी भी दहेज में देने का वादा किया जा रहा है। इसके अलावा 2026 में पूरी हो रही 1 करोड़ की एफडी भी है। साथ में कन्यादान में 51 लाख रुपए भी दिए जाएंगे। शख्स की बातों को सुनने के बाद लोग बहुत बढ़िया कहते हुए तालियां बजाते हैं। हालांकि, वीडियो को देखने से पता चलता है कि वहां खड़े लोग ताली नहीं बजा रहे हैं। ऐसे में हो सकता है कि यह वीडियो कहीं और का और इसमें आ रही आवाज किसी और शादी की डिमांड से जुड़ी है। ऐसा लगता है कि दो अलग-अलग मामलों को मिला दिया गया है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक इस वीडियो को 4 करोड़ से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है। वहीं, 14 लाख से ज्यादा लोगों ने इसे लाइक किया है, जबकि 17 लाख से ज्यादा बार ये शेयर किया गया है। इसके अलावा लगभग 21 हजार कमेंट्स आए हैं।

## पाठक पाती

### विदेश में बसने का आकर्षण

विदेश जाकर बसने एवं जॉब करने का आकर्षण हम भारतीयों को बहुत लुभाता है। पंजाब गुजरात एवं हरियाणा में यह चलन बहुत ज्यादा है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। लेकिन वेध तरीके से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करके ही विदेश जाना श्रेयस्कर है। अवेध तरीके से डंकी रूट से ब्रिटेन कनाडा एवं अमेरिका जाने वाले भारतीय नागरिकों को बहुत फजीहत झेलना पड़ती है। यह बहुत खतरनाक रूट होता है। इसमें व्यक्ति की जान भी जा सकती है। किसी तरह विदेश पहुंच भी गए तो वहां भी छुपकर एवं दहशत में ही जीना होता है। अवैध रूप से विदेश जाने वाले अपनी जमा पूंजी एवं कई बार तो जमीन जायजाद भी गंवा बैठते हैं। कई एजेंसियां लोगों को विदेश में अच्छे जॉब का झांसा देकर उन्हें अपनी गिरफ्त में लेकर उनका सब कुछ लूट लेती हैं। ऐसी फर्जी संस्थाओं से लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। जितना पैसा लोग अवैध रूप से विदेश जाने पर खर्च करते हैं उसमें अपने देश में ही रहकर कोई काम धंधा खोलकर आसानी से जीविका चलाई जा सकती है।

-ललित महालकरी, इंदौर

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# मौनी अमावस्या

जागरूक टाइम्स
जयपुर, बुधवार, 29 जनवरी, 2025



# 12 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना

प्रयागराज महाकुंभ में 29 जनवरी को होने वाले मौनी अमावस्या के दूसरे अमृत स्नान पर्व को लेकर प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। इस महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर लगभग 12 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने सभी विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियों पर 30 जनवरी तक रोक लगा दी है। जिलाधिकारी ने कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, ब्लॉक और तहसील के अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल और ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय एसडीएम को रैन बसेरों का निरीक्षण कर भोजन और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। विशेष परिस्थितियों में ही कर्मचारियों को छुट्टी की अनुमति दी जाएगी, वह भी विभागीय अधिकारी द्वारा आवेदन के सत्यापन के बाद। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने इस बृहद आयोजन की सफलता के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और व्यवस्थागत प्रबंध पूर्ण कर लिए हैं।



## मौनी अमावस्या पर स्नान का शुभ मुहूर्त

मौनी अमावस्या के दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5.25 बजे से शुरू होकर 6.19 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्नान और दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। अगर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान या दान संभव न हो, तो सूर्योदय से सूर्यास्त तक भी यह किया जा सकता है। यह स्नान व्यक्ति को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कराने में सहायक होता है।

## अन्य अमृत स्नान

महाकुंभ के दौरान स्नान तिथियां ज्योतिषीय गणनाओं और ग्रहों की विशेष स्थिति के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। मौनी अमावस्या के बाद, 3 फरवरी 2025 को वसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान आयोजित किए जाएंगे। इन दिनों को विशेष धार्मिक महत्व प्राप्त है, और देश –विदेश से लाखों श्रद्धालु इन तिथियों पर कुंभ मेले में सम्मिलित होते हैं।

## मौनी अमावस्या पर महाकुंभ एरिया होगा नो–व्हीकल और नो–वीआईपी जोन

*प्रयागराज के महाकुंभ मेले में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के मौके पर होने वाले दूसरे अमृत स्नान को लेकर यूपी सरकार अलर्ट है। यूपी सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर महाकुंभ क्षेत्र को नो–व्हीकल और नो–वीआईपी जोन घोषित करने से लेकर किसी भी सुरक्षा मुद्दे या भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए योजना तैयार कर व्यापक व्यवस्था की गई है। इसका मतलब ये है कि मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ एरिया में गणमान्य व्यक्तियों के लिए कोई वीआईपी प्रोटोकॉल या श्रद्धालुओं सहित किसी भी श्रद्धालु के लिए पास प्रणाली नहीं होगी। इसके अलावा वाहनों को पहले से तय किए गए निर्धारित पार्किंग स्थल से आगे जाने की इजाजत नहीं होगी। मौनी अमावस्या के मौके पर मूवमेंट को आसान बनाने के लिए पंटून पुलों पर वन–वे ट्रैफिक होगा या फिर उन्हें बंद कर दिया जाएगा। यहां तक कि अखाड़ों को भी उन्हें आवंटित विशिष्ट स्लॉट के आधार पर एंट्री और एग्जिट की अनुमति दी जाएगी।*

**यूपी सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर महाकुंभ क्षेत्र को नो-व्हीकल और नो-वीआईपी जोन घोषित करने से लेकर किसी भी सुरक्षा मुद्दे या भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए योजना तैयार कर व्यापक व्यवस्था की गई है।**



## कितने होते हैं स्नान?

महाकुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन था। दूसरा स्नान 14 जनवरी यानी कि मकर संक्रांति के अवसर में था। तीसरा स्नान 29 जनवरी यानी कि मौनी अमावस्या के दिन होगा। वहीं चौथा बसंत पंचमी पर पर। पांचवां स्नान माघ पूर्णिमा पर और महाकुंभ का आखिरी स्नान 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर किया जाएगा।

## सुख-समृद्धि का होता है आगमन

*धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कुंभ में माघ स्नान से पाप का नाश होता है और इस पर्व से बढ़कर कोई पवित्र पर्व भी नहीं है। यही नहीं, यह भी कहा जाता है कि महाकुंभ में नियमों का पालन करके स्नान किया जाता है को यह अश्वमेघ यज्ञ के समान होता है और जीवन में सुख–समृद्धि आती है।*

## इस दिन होगा अमृत स्नान

*महाकुंभ में अमृत स्नान की भी अलग मान्यता होती है। भक्त अमृत स्नान के विशेष अवसर पर भी डुबकी लगाते हैं। महाकुंभ का तीसरा और आखिरी अमृत स्नान बसंत पंचमी पर किया जाएगा। यह 2 फरवरी सुबह नौ बजे से शुरू होकर 3 फरवरी सुबह 7 बजे कर रहेगा।*

## मौनी अमावस्या के दिन विशेष उपाय

**जिनकी भी कुंडली में ग्रहण दोष है या जिनका भी जन्म अमावस के दिन का है अथवा जिनकी भी कुंडली में ग्रह युति से पितृदोष लग रहा है वह स्नान उपरांत खीर बनाकर पीपल वृक्ष के नीचे पीपल पत्तों पर खीर रखकर पितरों को नैवेद्य अर्पित करें। और बाकी खीर को गरीब लोगों में बांट दें।**

## महाकुंभ में 27 से 30 जनवरी तक वाहनों की मूवमेंट बैन

*डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल वैभव कृष्ण ने कहा कि हमने जोनल सिस्टम बनाया है। इसके अनुसार अरैल की तरफ से आने वाले लोग अरैल घाट पर स्नान करें और झूसी की तरफ से आने वाले लोग झूसी घाट पर स्नान करें। इसी तरह अन्य घाटों के लिए ऐसी ही व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी से 30 जनवरी तक कुंभ एरिया में वाहनों की मूवमेंट को इजाजत नहीं होगी। इन दिनों में कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल फॉलो नहीं किया जाएगा। मौनी अमावस्या के मौके पर करीब 13 अखाड़ों के साधू 29 जनवरी को शाही या अमृत स्नान करेंगे। उनके लिए संगम क्षेत्र में उनके लिए विशेष एंट्री और एग्जिट रूट निर्धारित किए गए हैं। एंट्री एवं एग्जिट रूट का उचित तरीके से पालन सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया गया है।*



मंत्री जोगाराम पटेल के पास आया मैसेज

# दलपत हींगड़ा बने बीजेपी जिलाध्यक्ष

**पर्ची नहीं मोबाइल से निकला जिलाध्यक्ष का नाम**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में मंगलवार को बीजेपी जिलाध्यक्ष की घोषणा हुई। इस बार पर्ची से नहीं, बल्कि मोबाइल से दलपत हींगड़ा का नाम बताकर घोषणा की गई। जैसलमेर के बीजेपी कार्यालय में विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने निर्वाचन अधिकारी बिहारीलाल विश्नोई को मोबाइल दिखाकर नाम बताया और विश्नोई ने सबके सामने दलपत हींगड़ा को निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

दलपत हींगड़ा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद सभी ने उनको माला पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।

गौरतलब है कि जिले में जिलाध्यक्ष के लिए 11 लोगों ने आवेदन किए थे। मंगलवार को निर्विरोध जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले में पहला दलित जिलाध्यक्ष बनाया गया।



### 'पार्टी के मूल्यों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश'

जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद दलपत हींगड़ा ने बताया कि ये बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है और वो पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष बने हैं इसलिए ज़िम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। वे अपनी ज़िम्मेदारी को पूरी मेहनत के साथ निभाएंगे और पार्टी के मूल्यों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### विधायक महंत प्रतापपुरी की पसंद दलपत हींगड़ा

दरअसल, दलपत हींगड़ा पोकरण के राजमथाई के रहने वाले हैं। वे एससी वोट बैंक से आते है। पोकरण विधानसभा के है। बताया जा रहा है कि वे पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी की पसंद है। पोकरण विधायक भी यही चाहते हैं कि इस बार जिलाध्यक्ष पोकरण से बने। भाजपा में हिंगड़ा को जिलाध्यक्ष बनाने के पीछे भाजपा द्वारा कांग्रेस के एससी-एसटी व मुस्लिम गठबंधन में सेंधमारी की संभावना जताई जा सकती है।

# रेगिस्तान में फिर बदला मौसम

- दिन में गर्मी का एहसास
- दिन-रात का तापमान बढ़ा
- न्यूनतम पारा पहुंचा 12 डिग्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** रेगिस्तानी बाड़मेर में सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है। सूरज और बादलों की बीच आंख मिचौली का खेल चल रहा है। इससे तेज धूप भी नहीं खिली है। सर्दी में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 12 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम स्थिर रहने की संभावना जताई है। मौसम इन दिनों बदल रहा है। कभी तेज धूप से गर्मी तो कभी शीत लहर की वजह से सर्दी दस्तक दे रही है। ये ही वजह है कि इन दिनों रात और दिन का तापमान के पारे में 18-20 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। जनवरी में दूसरी बार पारा 30 डिग्री पार चला गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री दर्ज किया गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान में चढ़कर 12 डिग्री पहुंच गया। दिन में तेज धूप से गर्मी का एहसास हो रहा है, वहीं रात में इन दिनों सर्दी पड़ रही है। तापमान के ऊपर-नीचे होने और बार-बार सर्द-गर्म होने से फसलों में रोग पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। सोमवार को दिन में गर्मी का असर देखने को मिला। इस बार सर्दी देर से आई। इस वजह से किसानों ने रबी की बुवाई भी देरी से की। अभी तक फसलों का एक-डेढ़



माह तक पकने का इंतजार रहेगा। इस बीच मौसम में हो रहे बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह से आसमान में बादलों की आवाजाही चल रही है। सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चल रहा है। हालांकि सर्दी का असर बादलों से कम हुआ है। लेकिन बार-बार बदलते मौसम से बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

# आदिवासियों के उत्थान को हर संभव प्रयास करेंगे : चौधरी

**आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर राज्य सरकार संकल्पबद्ध**

**ग्राम पंचायत भांडियावास के राजस्व ग्राम हेमपुरा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। हेमपुरा ढंड भीलों की ढाणी में विकास को लेकर कोई कसर नहीं रखी जाएगी। चिकित्सा सुविधा सुलभ मिल सके इसके लिए यहां 55 लाख रुपए के बजट से उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाया जा रहा है। आज नींव रखी है, छह माह में इसका लोकार्पण हो जाएगा। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का वचन भी देते हैं। यह बात पचपदरा विधायक डा. अरुण चौधरी ने ग्राम पंचायत भांडियावास के राजस्व ग्राम हेमपुरा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास के दौरान कही। विधायक चौधरी ने निवर्तमान सरपंच व प्रशासक सुमन कंवर चारण की मांग पर शिलान्यास कार्यक्रम में वादा किया कि विधायक कोष से शहीद बिरसा मुंडा व टांटिया मामा प्रतिमाएं लगाकर हेमपुरा में एक अच्छा पार्क बनाया जाएगा। जहां आदिवासी भाइयों के बच्चे व बुजुर्ग घूम सके, खेल सके। इससे पहले पं. अशोक श्रीमाली के मंत्रोच्चारण के साथ नींव का मुहूर्त हुआ और पट्टिका का अनावरण किया गया। पंचायत समिति सदस्य नारायणराम भील ने गांव की समस्याएं विधायक के सामने रखी, जिनका शीघ्र निराकरण करवाने का विधायक ने आश्वासन दिया। इस दौरान जितेंद्रसिंह मूंगड़ा, रामसीन निवर्तमान सरपंच व प्रशासक मालाराम बावरी, मूंगड़ा प्रशासक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पालीवाल, भाजपा के खेताराम प्रजापत, अमराराम सुंदेशा, हितेश पटेल, बजरंग पालीवाल, बाबूलाल नामा, खींयाराम चौधरी, जयदेव आशिया, अशोक वैष्णव, नवरतन प्रजापत आदि अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धीराराम भील ने की। इस अवसर पर बांडाराम भील, वंशाराम, पीराराम, भंवराराम, रूपाराम, माधाराम, रमेश कुमार सहित सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

# नियमित रूप से योग कक्षा चलाने का संकल्प

**पतंजलि योग समिति, महिला योग समिति, युवा भारत, किसान पंचायत एवं मीडिया प्रकोष्ठ की जिला बैठक आयोजित**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** शहर के वंदे भारत पार्क में सोमवार को पतंजलि योग समिति, महिला योग समिति, युवा भारत, किसान पंचायत एवं मीडिया प्रकोष्ठ की जिला बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी ने नियमित योग कक्षा को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी बाबूलाल भंसाली ने योग महिमा व इससे जीवन में होने वाले परिवर्तन पर जानकारी दी। बताया कि गत दो माह से उम्मेदपुरा बगेची में योगी महेंद्र कुमार व दिनेश सोलंकी के सानिध्य में चल रही निःशुल्क योग कक्षा का पोस्टर प्रदान किया गया। भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन, पाठ्यक्रम व शिक्षण संस्थाओं को एफिलेट करने की जानकारी प्रदान की। बाल संस्कार के लिए छोटे-छोटे समूह में एकत्रित बालकों को देश भक्ति व महान देश भक्तों की कहानियां सुनाकर जानकारी देने की बात कही। जिला स्तर पर योग प्रचार प्रसार व सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित बहन शशिलता राय को अंग वस्त्र व पतंजलि जैकेट पहनाकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर किसान प्रभारी रणवीर, सह युवा प्रभारी महावीर जसोल, वरिष्ठ योग प्रचारक दिलीप गहलोत, नरेश



पंवार, अशोक कवाड़, भरत कुमार मेडिकल, विकास खारोड़िया, किशन भाटी, किशोर कुमार, महिला प्रभारी कमला चौहान, पूनम सिंधी, पार्वती गहलोत, भगवती राव, सुमन गुप्ता, पिंकी घांची, ममता, जमना, कांता, गंगा डिडवानिया, ख्वाहिश, रितिका, अंजली, याचिका, देवी, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# जैसलमेर में सर्दी से मिली राहत

**दिन-रात के तापमान में 19 डिग्री का अंतर**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर का मौसम जाते हुए जनवरी के महीने में दिन और रात में अलग-अलग तरह के रंग दिखा रहा है। दिन में धूप की तेजी अभी से अखरने लगी है। वहीं रात में सर्दी का असर बदस्तूर कायम है। जिले में मंगलवार को सुबह धूप की किरणों ने वातावरण को खुशनुमा बनाया। लोगों को रात की सर्दी से सुबह धूप खिलने से राहत मिल रही है। दिन में तेज धूप के कारण लोग गरम कपड़े भी नहीं पहन रहे, मगर रात में गरम कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में धूप के तेवर कड़े बने रहेंगे और रात में भी सर्दी में कमी आने की संभावना है।

### 27 से ज्यादा पहुंचा अधिकतम तापमान

दिन में पड़ रही धूप में लोग धूप की बजाय छाया में बैठने को तवज्जो देने लगे हैं। आकाश पूरी तरह से साफ बना हुआ था। तेज धूप के चलते दिन में गरम कपड़ों की जरूरत लगभग खत्म हो गई है, वहीं सूर्यास्त के बाद वातावरण में धीरे-धीरे ठंडक का असर महसूस होता है और जैसे रात गहरा होती है, सर्द हवाएं सताने लगती हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 27.4 और न्यूनतम 8.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो रविवार को 26.2 व 7.5 डिग्री रहा था। इस तरह से सोमवार दिन व बीती रात के तापमान में करीब 19 डिग्री का अंतर आ गया है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में धूप के तेवर कड़े बने रहेंगे और रात में भी सर्दी में कमी आने की संभावना है।

# आरोपी को पुलिस से छुड़ाने वाले तीन साथी गिरफ्तार

**पुलिस की गाड़ी पर हमला कर भगाया था आरोपी को**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना इलाके में पुलिस द्वारा पकड़ने गए आरोपी को छुड़ाने और पुलिस की गाड़ी के कांच तोड़ने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा व सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया। गौरतलब है कि गाले की बस्ती में निजी कंपनी के सामान के ट्रकों को बईया गांव में रुकवाने पर कानून व्यवस्था व अन्य मुकदमों में तलाश के लिए आरोपी रामसिंह के घर दबिश देकर रामसिंह को पकड़ने का पुलिस ने प्रयास किया। इस दौरान मोती सिंह, शैतानसिंह, जुझारसिंह, तारेंद्र सिंह, रणजीतसिंह, हठू सिंह, भगवानसिंह व मोहनसिंह सहित चार-पांच अन्य लोगों ने राजकार्य में बाधा डालकर



आरोपी रामसिंह को भगा दिया। साथ ही पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। तीनों के खिलाफ राजकार्य में बाधा व सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला झिनझिनयाली थाना में दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही गांव के मौजीज व्यक्तियों के साथ बैठक कर लीगल कार्य में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप एवं बाधा उत्पन्न नहीं करने को लेकर सभी को समझाया भी जा रहा है। इसके साथ ही निजी कंपनी के काम को रोकने को लेकर व ट्रक से सामान लूटने के संबंध में इनके खिलाफ लूट का अलग से मामला दर्ज किया जा रहा हैं। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- किसी भी काम में बाधा उत्पन्न कर कार्य को बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टोलरेंस के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बोलेरो कैंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**घरेलू सामान लेकर जा रहा था, घर से एक किलोमीटर पहले हुआ हादसा**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** घरेलू सामान बाइक पर लेकर घर जा रहे युवक को बोलेरो कैंपर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके कगाऊ गांव में बीती रात की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रात को मृतक के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया। वहीं पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कगाऊ गांव निवासी वीरमाराम (27) पुत्र मोडाराम सोमवार रात को बाड़मेर शहर से घरेलू सामान लेकर अपने गांव की तरफ जा रहा था। घर से करीब एक किलोमीटर पहले से सामने से आ रही बोलेरो कैंपर गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। हॉस्पिटल पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। सदर थाने के एसआई ओमप्रकाश ने बताया- परिजनों ने मंगलवार को रिपोर्ट दी, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध बजरी से भरे डंपर-ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**दो ड्राइवर गिरफ्तार**

**वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए करते थे रेकी**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग जगह पर अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ अवैध बजरी से भरें डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बालोतरा डीएसटी और सिवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मुठली भारत माला रोड की तरफ से अवैध बजरी से भरा डंपर आ रहा है। इस पर डीएसटी और सिवाना पुलिस ने डंपर का पीछा कर ट्रक को रुकवाया। ड्राइवर मनीराम पुत्र मोतीराम निवासी भेड खींवसर को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ खनिज विभाग को



आगे की कार्रवाई के लिए सूचित किया गया। वहीं, इसी तरफ पचपदरा पुलिस गश्त कर रही थी। गांव रिछोली से अवैध बजरी भरकर आ रहा था। इस पर ट्रेक्टर को रुकवाकर कर जब्त किया गया। साथ ही ड्राइवर दलपत पुत्र जसवंत सिंह निवासी नवातला पचपदरा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस में बीएनएस और एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी के मोबाइल में मिली इनपुट के आधार पर रैकी करने वालों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## व्यापार जगत

# सोने-चांदी के दामों में गिरावट

**गोल्ड 391 रुपए कम, चांदी 549 रुपए सस्ती**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम में (मंगलवार, 28 जनवरी) गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 391 रुपए कम होकर 80,006 रुपए पर आ गया है। सोमवार को सोना 80,397 रुपए पर था। वहीं 24 जनवरी को सोने ने 80,430 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। इधर, चांदी 549 रुपए सस्ता होकर 89,725 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी 90,274 रुपए किलो थी।

चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,080 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,930 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,980 रुपए है।



# चीनी एआई मॉडल की एंट्री से अमेरिकी मार्केट 3% गिरा

- एनवीडिया की वैल्यू 51.31 लाख करोड़ रुपए घटी
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीनी स्टार्टअप डीपसीक को लेकर दी चेतावनी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोमवार की गिरावट से एनवीडिया का मार्केट कैप 593 अरब डॉलर घटकर 2.90 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल डीपसीक की एंट्री से सोमवार को अमेरिकी टेक कंपनी एनवीडिया की वैल्यू करीब 51.31 लाख करोड़ रुपए गिर गई। शेयरों में आई 17% की गिरावट के बाद एनवीडिया की वैल्यू 2.90 ट्रिलियन डॉलर (करीब 251 लाख करोड़ रुपए) रह गई है। पहले ये 302 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी स्टार्टअप डीपसीक को लेकर चेतावनी देते हुए कहा- ये अमेरिका की टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के लिए वेक अप कॉल है, यानी अलर्ट होने का समय है।

### एनवीडिया के शेयर में गिरावट का दिखा असर

एनवीडिया के शेयर में गिरावट का असर अमेरिकन शेयर इंडेक्स नैस्डेक पर भी दिखा। सोमवार को इसमें 3.07% की गिरावट रही और नैस्डेक 612.47 अंक टूटकर 19,341.83 पर आ गया। दूसरे अमेरिकन इंडेक्स एसएंडपी 500 के टेक सेक्टर में 5.6% की गिरावट दर्ज की गई। सितंबर 2020 के बाद यह इंडेक्स में सबसे बड़ी गिरावट है। एनवीडिया के सीईओ की संपत्ति एक दिन में 1.79 लाख करोड़ घटी एनवीडिया के शेयर गिरने से कंपनी के सीईओ जेनसेन हुआंग को 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर (1.79 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ। फोर्ब्स के अनुसार हुआंग की संपत्ति 124.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (10.76 लाख करोड़ रुपए) से घटकर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (8.97 लाख करोड़ रुपए ) रह गई। वे रियल टाइम अरबपतियों की सूची में 10वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गए।

### चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें कंपनिया : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कंपनियां चीनी एआई मॉडल से सावधान रहें। अमेरिकन मार्केट में सोमवार को हुए घटनाक्रम के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में रिपब्लिकन कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा कि डीपसीक एआई हमारी इंडस्ट्री के लिए चेतावनी है। यह लड़ाई जीतने के लिए इस तरफ पूरा फोकस करना होगा। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि यह झटका सिलिकॉन वैली के लिए पॉजिटिव भी हो सकता है क्योंकि इससे उसे कम कीमत में इनोवेशन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### चीनी एआई अमेरिकी कंपनियों से बेहद सस्ता

चीनी एआई मॉडल अमेरिकी कंपनियों से बेहद सस्ता डीपसीक पूरी तरह फ्री और ओपन सोर्स एआई मॉडल है। इसके अलावा चीन का मॉडल बेहद कम लागत में तैयार हुआ है, जबकि अमेरिका की एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों ने बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करके एआई मॉडल तैयार किए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि डीपसीक कंपनी ने अपना एआई मॉडल सिर्फ 48.45 करोड़ रुपए में डेवलप किया था। डीपसीक ने एप स्टोर पर चैटजीपीटी को पीछे छोड़ा चीन के डीपसीक एप को कंपनी की वेबसाइट से और एपल के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

## आपका राशिफल 29 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को जोरदार मुनाफा

**नेट प्रॉफिट में 28% की उछाल**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने तीसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। सरकारी बैंक ने दिसंबर 2024 को खत्म तीसरी तिमाही में नेट प्रॉफिट (शुद्ध लाभ) में 28 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की है। नेट प्रॉफिट में 4,604 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसमें बेहतर कोर आय का योगदान रहा। खबर के मुताबिक, बैंक ने इससे एक साल पहले की समान तिमाही में 3,590 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।




### कुल इनकम बढ़कर 31,375 करोड़ रुपए

खबर के मुताबिक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल इनकम बढ़कर 31,375 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 29,137 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान ब्याज आय भी बढ़कर 26,958 करोड़ रुपए हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 25,163 करोड़ रुपए थी। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 7,278 करोड़ रुपए की तुलना में ऑपरेशनल बेनिफिट बढ़कर 7,492 करोड़ रुपए हो गया।

### शुद्ध एनपीए भी घटा

एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर, बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात एक साल पहले 4.8 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया। इसी तरह, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के आखिर में 1.08 प्रतिशत से घटकर 0.8 प्रतिशत हो गया। हालांकि, टैक्स को छोड़कर कुल प्रावधान एक साल पहले की तिमाही के 1,748 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,599 करोड़ रुपए हो गए। गैर-निष्पादित ऋणों पर प्रावधान कवरेज अनुपात 31 दिसंबर, 2024 को 93.42 प्रतिशत सुधर कर 31 दिसंबर, 2023 के आखिर में 92.54 प्रतिशत था। पूंजी पर्याप्तता अनुपात पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 15.03 प्रतिशत से बढ़कर 16.7 प्रतिशत हो गया। दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के दौरान, बैंक ने विवेकपूर्ण आधार पर मानक अग्रिमों पर 545.70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

# सेंसेक्स 535 और निफ्टी भी 128 अंक चढ़ा

**बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में रही बढ़त**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** 28 जनवरी को सेंसेक्स 535 अंक की बढ़त के साथ 75,901 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 128 अंक की तेजी रही, ये 22,957 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली है। मंगलवार को बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। वहीं एफएमसीजी और आईटी शेयर्स में मंगलवार को गिरावट रही।

### जापान के निक्केई में 0.65% की गिरावट

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.39% की गिरावट देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स और कोरिया का कोस्पी मंगलवार को बंद है। एनएसई के डेटा के अनुसार, 27 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,015 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 6,642 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 27 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.65% की बढ़कर 44,713 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.46% गिरकर 6,012 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 3.07% की गिरावट रही।

# बौद्धिक कौशल विकास को लेकर विभिन्न सृजनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित

## पांच ब्लॉक के करीब पचास प्रतिभागियों ने लिया भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विवेकानंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सर केएम में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल विकास को लेकर जिलास्तरीय विविध सृजनात्मक प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। आयोजक प्रधानाचार्य श्रीमती चन्द्रा खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की पांच ब्लॉक सिरोही, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, रेवदर एवं शिवगंज के पचास विद्यार्थियों ने निबंध, आशुभाषण, एकलगीत, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। पर्यवेक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाड़ीव के प्रधानाचार्य हितेश लोहार रहे। उप प्रधानाचार्य प्रमिला सिंघल, स्वदेशसिंह देवड़ा, सत्यप्रकाश आर्य, दिनेश कुमार व्यास, भरतसिंह देवल, सविता शर्मा राजेश कोटवानी, छगनलाल कुम्हार, कालूराम भील रेखा सोनीए संगीता डाबी, अजयपालसिंह, शैलेन्द्रसिंह, उषा कंवर, संतोष बालिया आदि मौजूद थे।



### ›› प्रतियोगिता के यह रहे परिणाम

*आशुभाषण प्रतियोगिता में साक्षी खण्डेलवाल, खुशी देवासी तथा उषा राठौड़। एकल गीत में परवेश कलावंत, दीपक कुमार तथा अभिषेक मेघवाल। निबंध प्रतियोगिता में शीतल मामोडिया, शिल्पा मीणा तथा तनवीर बानो। चित्रकला में नितेश कुमार, सुमित कुमार तथा विक्रमसिंह इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रकाश कुमार, हिमांशी छीपा तथा गरिता कुमारी क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।*

## 400 केवी बिजली घर की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारतीय किसान संघ की ओर से राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर 400 केवी बिजली घर के स्वीकृति की मांग की। भाकिस के जिलामंत्री उत्तमसिंह, तहसील अध्यक्ष हरिसिंह दहिया, संरक्षक शंकर राजपुरोहित, युवा प्रमुख मगन प्रजापत, दिलीपसिंह राठौड़, पीरसिंह मौजूद थे।

## सांसद मद से विद्यालय के लिए कम्प्यूटर व प्रिंटर की घोषणा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांसद मद से करीब 3 लाख कर लागत के 10 कंप्यूटर सेट मय प्रिंटर क्रय करने की स्वीकृति दी गई। इस पर प्रधानाचार्य अमृतलाल माली समेत ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के लोगों ने सांसद चौधरी का स्वागत किया। प्राचार्य उमेश कुमार, व्याख्याता सनत आढा, दुर्गाराम मकवाना, नरेश कुमार, केवलराम, जितेंद्र कुमार बाबूलाल, श्रवण कुमार, जतिन कुमार, दिनेश कुमार, किशन कुमार, सुरेश कुमार, छगनलाल कुंडला, तेजराज, छैलसिंह, वीसाराम, नरेश खत्री, लता, ऊकाराम, मुकेश कुमावत, गजेंद सोलंकी एवं गिरिराजसिंह मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र की स्थापना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जावाल।** कबूतर चौक स्थित पुराने यात्री प्रतिक्षालय भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र की स्थापना की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों द्वारा घरों में रखी अनुपयोगी वस्तुओं को मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र में जमा करवाना एवं उन चीजों को किसी जरूरतमंद तक पहुंचाना है। इओ सुरेश कुमार जीनगर ने बताया कि मुख्यमंत्री सदभावना केन्द्र में नागरिक अपनी अनुपयोगी वस्तुओं जैसे पुरानी किताबें, खिलौने, कपड़े, बर्तन, प्लास्टिक आईटम्स, जूते चप्पल ई-वेस्ट आदि को जमा करवा सकते हैं एवं वहां से कोई भी जरूरतमंद अपनी जरूरत की चीज प्राप्त कर सकता है। इस योजना के क्रियान्वयन से अनुपयोगी चीजें कचरा संग्रहण स्थान पर न जाकर किसी जरूरतमंद के काम आ सकेगी जो कि कचरा संग्रहण प्रबंधन और उपयोग की दिशा में एक उपयोगी एवं सकारात्मक कदम है। केन्द्र में जमा पुराने कपड़ों से कपड़े के थैले, तकिया कवर आदि जरूरत की चीजें बनाने के लिए शहर में संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को सदभावना केन्द्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आह्वान किया है। सदभावना केन्द्र सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा।



## अभियान के तहत 150 लोगों को वितरित किए हेलमेट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 के तहत वोलकेम इण्डिया लिमिटेड सिरोहीरोड के ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन निति के तहत आमजन को करीब 150 हेलमेट वितरित किए गए। वोलकेम इण्डिया लिमिटेड की ओर से जगदीश तिवारी (उपाध्यक्ष) एनआर. भटनागर, हितेश सनाढ्य व पुनमाराम उपस्थित रहे। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत, यातायात प्रभारी चौपाराम, रतनाराम व कालुराम मौजूद थे।



## शिविर में 300 मरीजों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गोयली।** खाम्बल में मंगलवार को सरपंच मनोहर कंवर के सनिध्य, एसबीआई फाउण्डेशन व आंचल चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 300 मरीजों की जांच कर परामर्श देकर सभी को मुफ्त में दवा वितरित की। परियोजना संवयक गजेंद्रसिंह ने बताया की शिविर में डॉ सौरभ राठौर फिजिशियन, डॉ यश परमार ने निःशुल्क जांच की गई । ग्राम विकास अधिकारी योगेश दवे, समाजसेवी शैतानसिंह सोनगरा, जीतेन्द्र गर्ग, लकसिंह एवं जीतेन्द्र रावल मौजूद थे।

## खन्दरा बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव 31 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** खन्दरा में बाबा रामदेव मंदिर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को रामनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। सवेरे दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। दोपहर को महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। महाप्रसादी के लाभार्थी उम्मेदराम, मोहनलाल पुत्र शंकरलाल रहेंगे।

## डाटा एनालिटिक्स विद पाइथन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में डाटा एनालिटिक्स विद पाइथन पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी विभाग तथा ट्रेनिंग प्लेसमेंट विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने किया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए डेटा-संचालित करियर तैयार करने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रेगेक्स सॉफ्टवेयर कंपनी के तुषार गोयल ने विद्यार्थियों को लाइव कोडिंग सत्र और केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। गोयल ने डाटा एनालिटिक्स के वास्तविक अनुप्रयोगों को समझाने पर जोर दिया, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में मदद मिल सके। समन्वयक डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों में तकनीकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने विद्यार्थियों को डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से भविष्य में नए अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रीनॉन बागची , डॉ. अमरजीत, केतन राजपुरोहित, प्रणय शर्मा, कौशल बारोट, नारायण सिंह सोलंकी और वि'म सुथार भी उपस्थित रहे।



## सिद्धिविनायक के दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धूम

### शहर के अलग अलग मोहल्ले से महिलाएं ला रही है सांजी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सदर बाजार स्थित खारी बावड़ी के पास अतिप्राचीन सिद्धिविनायक गणपति भगवान के जीर्णोद्धार मंदिर के दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज गुरुवार से होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व सिरोही शहर के विभिन्न गली मोहल्लों की महिला भक्तों की ओर से गजानंद भगवान के मंदिर प्रांगण में सर पर मेहंदी एवं गुड़ की प्रसादी के साथ गीत गाती महिलाएं भक्तिरस से आनंदित हो रही है। दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को सवेरे हवन पूजा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात को अंकुश गहलोत एण्ड पार्टी भजनों की प्रस्तुतियां देंगी। दूसरे दिन सवेरे प्रतिष्ठा एवं महाआरती तथा पूर्णाहुति होगी। इसके बाद राजमहल में फले चुंदड़ी का आयोजन किया जाएगा। प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सदर बाजार को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। गजानंद भगवान मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा शहर के सनातन धर्म प्रेमी भक्तों को दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में लगे हुए है।

## न्यूज ब्रीफ

### निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पालड़ी एम में आरकेसीएल से मान्यता प्राप्त आइटी ज्ञान केन्द्र की और से संचालित संस्थान आरजेपीटी कम्प्यूटर सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क आरएससीआइटी कम्प्यूटर कोर्स का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि उथमण उपसरपंच लक्ष्मण सुथार ने छात्राओं को पाठयपुस्तकें वितरण की। ताराराम कुमावत व संचालक रूपाराम बोराणा के अनुसार सरकारी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षाओं में आरएससीआइटी कम्प्यूटर कोर्स आवश्यक है। दिनेश कुम्हार, मुकेश पटेल, हर्षित देवासी सगालिया, चीकू कंवर, हिना कुमारी, डिंपल मीणा, साबूरी कुमारी सहित महिलाएं व छात्राएं उपस्थित रही।

### आबादी क्षेत्र की नहर में मिला आठ फीट लंबा मृत मगरमच्छ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** नई धनारी में मंगलवार को सवेरे एक मगरमच्छ को नहर में आबादी क्षेत्र में दिखने से सनसनी फैल गई। सवेरे करीब आठ बजे नई धनारी नहर के पास खेल रहे बच्चों को करीब आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। जिसे देखकर वे चिल्लाते हुए घर की ओर भागे। बच्चों की आवाज सुनकर वहां पर लोगों ने पहुंच कर देखा तो मगरमच्छ मृत अवस्था में था। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग एवं सरूपगंज पुलिस को सूचित किया। इस दौरान नहर के पानी में बहते मगरमच्छ के शव को ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए किनारे पर सुरक्षित निकाल लिया एवं वन विभाग के कर्मचारियों को सुपर्द किया।

#### क्षेत्र के लिए चिंता का विषय

बांधों से मगरमच्छ निकलकर नहर के रास्ते आबादी वाले इलाकों तक पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के लिए यह चिंता का विषय है। आसपास के स्थानीय निवासी विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता सता रही है।

### विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही/कालन्द्री।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीरवाड़ा के विद्यार्थियों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कालन्द्री का विजिट किया। प्राचार्य पी सेल्वम द्वारा स्टाफ को पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत तथा स्काउट विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों के तिलक लगाया गया। इसके बाद प्राचार्य ने नवोदय विद्यालय की कार्य प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तार बताया। जगदीश प्रसाद, श्रीमती ममता शर्मा, राकेश पालीवाल एवं राजाराम वैष्णव का सहयोग रहा।

### इबादत से मनाई शब-ए-मेराज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** मुस्लिम समाज की ओर से सोमवार को शब ए मेराज की को रात भर इबादत करके अपने गुनाहों से तोबा करके गुजारी। मौलाना सदिक अकबरी ने कहा कि इस्लामी महीने रजब महीने की 27 तारीख यानी 27वीं रात को शब ए मे राज कहा जाता है। इस रात में इबादत करने का फायदा जरूर मिलता है। रात भर इबादत करने के बाद अनेक लोग रात को ही कब्रिस्तान पहुंचे जहा पूर्वजों के लिए भी दुआएं मांगी गई। मस्जिद को बेहतरीन रोशनी से सजाया गया। मास्टर अशरफ अशगरी, निसार मोहम्मद, डॉ इब्राहिम पठान, सिकंदर खान पठान,अकरम भाटी, सलीम मकरानी, सुल्तान भाई मेवाती, शरीफ शेख, तनवीर भाटी सहित मौजूद रहे।

### गोद भराई और अन्न प्राशन की रस्म की अदा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** आंगनबाड़ी केन्द्र में मंगलवार को गोद भराई एवं अन्न प्राशन की रस्म अदा की गई। पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, कौश्लया शर्मा, बसंत मेघवाल, नीमा आदि मौजूद थे।

अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप

# भारत ने स्कॉटलैंड को 150 रनों से रौंदा





▶▶ तृषा ने खेली शतकीय पारी 110 रन बनाए

**कुआलालंपुर।** सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की। भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिए जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया। ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

साउथ अफ्रीका-20 लीग

# पार्ल रॉयल्स ने जीते सभी पांचों मैच



**पार्ल।** पार्ल रॉयल्स ने साऊथ अफ्रीका 20 (एसए 20) लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर

# अमेलिया केर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की बल्लेबाज अमेलिया केर ने इतिहास रचा है। उन्हें साल 2024 के लिए आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस सम्मान को पाने वाली अमेलिया दुनिया की चौथी और अपने देश की पहली महिला क्रिकेटर हैं। आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने पर उन्हें राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी से नवाजा गया।

## चार महिला क्रिकेटर बनीं क्रिकेटर ऑफ द ईयर

▪ आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी पहली बार साल 2017 में दी गई थी। अमेलिया केर से पहले इस अवॉर्ड को तीन महिला क्रिकेटरों ने दो-दो बार जीता था, जिनमें एक ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट सिवर हैं। यानी ये पहली बार है जब उन तीन महिला क्रिकेटरों से परे जाकर महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर कोई और बना है।




▶▶ अवॉर्ड को जीतने वाली चौथी महिला
▶▶ राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी से नवाजा

## साल 2024 में किए कमाल का केर को मिला इनाम

अमेलिया केर को 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। वो पिछले साल खेले महिला टी20 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं थी। वो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले टूर्नामेंट के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रही थी।

## इन्हें हराकर अमेलिया केर बनी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने के लिए कांटे की टक्कर मिली। उनका मुकाबला साउथ अफ्रीका की वोलवार्ट से था, श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड से था। लेकिन, उन्होंने इन सबको पीछे छोड़कर अवॉर्ड पर कब्जा किया।

# आनंद महिंद्रा ने ओलंपिक मेडलिस्ट को भेंट की स्कॉर्पियो

**नई दिल्ली।** भारत के अरबपति उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने 28 जनवरी को पेरिस पैरालंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल देवी को एक नई महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन उपहार में दी। महिंद्रा ने शीतल के साहस और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने शीतल की मां और बहन में भी यही दृढ़ संकल्प देखा है। शीतल की असाधारण यात्रा का सम्मान करते हुए महिंद्रा ने उन्हें एसयूवी भेंट की। उद्योगपति ने उपहार में तीर देने के लिए तीरंदाज शीतल का आभार भी जाहिर किया और इसे उनकी अदम्य भावना का प्रतीक बताया। शीतल दुनिया की पहली आर्मलेस तीरंदाज हैं। सोलह साल की शीतल ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और सभी बाधाओं को पार करते हुए राकेश कुमार के साथ मिलकर तीरंदाजी की मिक्स्ड टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार ने इनवैलिड्स में इटली के माटेओ बोनासिना और एलेनोरा को 156-155 से हराया था। महिंद्रा ने पोस्ट में लिखा, 'मैं लंबे समय से शीतल देवी की प्रतिभा की प्रशंसा करता रहा हूं। उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने पर मैं उनके असाधारण दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और फोकस से प्रभावित हुआ।



# एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीक के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लगभग चार साल बाद खेल में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स, जिन्हें अब तक के सबसे अभिनव और रोमांचक क्रिकेटरों में से एक माना जाता है, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। संन्यास और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों की विशेषता वाला यह प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने वाला लेकिन रोमांच पेश करता है। अपनी वापसी पर डिविलियर्स ने कहा, 'चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटे खेल खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।' गेम चेंजर्स टीम, जिसमें उद्घाटन सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में और भी उज्जवल भविष्य है। साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, 'हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व निस्संदेह हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।' साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, 'एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं, वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका निर्णय खेल के प्रति उनके प्यार का प्रमाण है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।'

साउथ अफ्रीका चैंपियंस की करेंगे कप्तानी



अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम

# 2021 के बाद मैदान पर उतरने को तैयार

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम करीब चार से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेली है। यहां तक कि अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ियों को डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने पर भी पांबदी लगाई गई है, लेकिन अब साल 2021 के बाद अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगी। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले शरणार्थियों को लेकर बनी अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम करीब चार साल के बाद मैदान पर वापसी करेगी। अफगानिस्तान की महिला टीम गुरुवार को 'क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स ' एकादश के खिलाफ टी20 मैच खेलेगी। तालिबान के सत्तारूढ होने के बाद ऑस्ट्रेलिया भागकर आए अफगानिस्तान के लोगों में से चुनकर यह टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया आने के बाद ये लोग कैनबरा और मेलबर्न में रह रहे हैं। ये मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच महिला एशेज टेस्ट के पहले दिन से पूर्व खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह पहला कदम है। यह काफी रोमांचक दिन होगा और मुझे उम्मीद है कि यह मैच हर साल हो सकेगा और इस टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका भी मिलेगा।'' पुरूष क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम अफगानिस्तान से द्विपक्षीय मैच नहीं खेलती है, लेकिन आईसीसी टूर्नामेंटों में उनका सामना करती है। अब उसी ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट को जीवंत करने के लिए कदम उठाया है और तालिबानी हुकूमत के मुंह पर तमाचा जड़ा है। तमाम देशों की महिला खिलाड़ी इस समय अंडर 19 टी20 विश्व कप में खेल रही हैं, लेकिन अफगानिस्तान की टीम इसमें शामिल नहीं है।

▶▶ डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने पर भी लगाई पांबदी



## म नो रं ज न

# धनुष-कृति की फिल्म 'तेरे इश्क में' का टीज़र रिलीज




जुलाई 2023 में आनंद एल राय ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क़ में' अनाउंस की थी। फिल्म का टीज़र रिलीज़ किया गया। लीड रोल में धनुष थे। लंबी-दाढ़ी में धनुष खतरनाक लग रहे थे। 'रांझणा' और 'अतरंगी रे' के बाद वो फिर से आनंद के साथ काम कर रहे थे। लेकिन उसके बाद हुआ ये कि लंबे समय तक फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आया। मगर अब मेकर्स ने फिल्म का नया टीज़र रिलीज़ किया है। इस टीज़र के साथ फिल्म की फीमेल लीड भी अनाउंस कर दी गई। बीते साल खबर चल रही थी कि तृप्ति डिमरी को फाइनल कर लिया गया है। मगर नए टीज़र से ये साफ हो गया कि कृति सैनॉन इस फिल्म की फीमेल लीड होंगी। टीज़र की शुरुआत में धुआं दिखता है। दंगे हो रहे हैं। पुलिस कुछ लोगों के पीछे दौड़ रही है। उन पर हमला कर रही है। इस पूरी तबाही के मंज़र के बीच एक लड़की बिना किसी से सरोकार रखे चले जा रही थी। एक ढांचा गिरता है, उसके नीचे लिखा है, उस लड़की की आंखें सूजी हुई हैं। लग रहा है कि कई घंटों से दिल में पनप रहे दर्द को आंखों का रास्ता दिखा रही है। लेकिन दिल की आग बुझी नहीं। उसे तेज़ाब की ज़रूरत है। अपने हाथ में रखे छोटे कंटेनर का ढक्कन खोलती है। उसमें जमे लिक्विड को सिर पर डालना शुरू करती है। लग रहा है कि ये तेज़ाब है। इतना कर के वो धूल खा रहे ढांचे के बगल में बैठती है। मुंह में सिगरेट दबाती है। उसे जलाती ही है कि टीज़र खत्म हो जाता है। इस लड़की का नाम मुक्ति है। कृति सैनन ये रोल कर रही हैं। इस टीज़र को देखकर फिल्म की टोन का आइडिया लग रहा है। उससे इतना समझ आ रहा है कि मेकर्स ने पॉलिटिकल करेक्टनेस की चिंता नहीं की है।



# 'लापता लेडीज' ने रचा इतिहास

आमिर खान प्रोडक्शन्स और किरण राव के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' ने अपनी कहानी से दर्शकों का दिल छू लिया था। बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के बाद फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी दर्शकों को खूब इम्प्रेस किया। अब इस फिल्म ने जापान में अपनी खास जगह बनाई है और जापान एकेडमी फिल्म प्राइज में इसे पांच बेहतरीन इंटरनेशनल फिल्मों में शामिल किया गया है। सरहदों को पार करते हुए 'लापता लेडीज' चार अक्टूबर 2024 को जापान में रिलीज हुई थी, जहां ये 115 दिनों के बाद भी शानदार तरीके से चल रही है। अब टॉप 5 इंटरनेशनल फिल्मों में शामिल होकर 'लापता लेडीज' ने साबित कर दिया है कि भारतीय कहानियां दुनिया के हर कोने में अपनी पहचान बना रही हैं। 'लापता लेडीज' जापान में अब अपने 17वें हफ्ते में चल रही है और 115 दिनों से बिना किसी रुकावट के बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। ये फिल्म जापान एकेडमी फिल्म प्राइज 2024 में रिलीज हुई 204 इंटरनेशनल फिल्मों में से पांच बेहतरीन इंटरनेशनल फिल्मों में चुनी गई है। सबकी नजरें 14 मार्च पर हैं, जब 'बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म' का अवॉर्ड विनर अनाउंस किया जाएगा। 'लापता लेडीज' ने 204 एलिजिबल फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए 'बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म' के टाईटल के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। फिल्म की निर्देशक किरण राव का नाम अब क्रिस्टोफर नोलन, यॉर्गोस लांथिमोस, एलेक्स गारलैंड और जोनाथन ग्लेजर जैसे दिग्गजों के साथ कंपीटीशन में है। इसके अलावा, 'लापता लेडीज' के साथ 'पुअर थिंग्स', 'ऑपेनहाइमर', 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' और 'सिविल वॉर' जैसी फिल्मों का मुकाबला है। इसके अलावा, 'लापता लेडीज' ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। ऑस्कर के लिए एंट्री मिलने के बाद इस फिल्म ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 में 'बेस्ट फिल्म क्रिटिक्स' चॉइस अवॉर्ड' भी जीता है।



# रवीना-राशा पहुंची द्वारका



एक्ट्रेस रवीना टंडन बेटी राशा थडानी के साथ द्वारका पहुंचीं। यहां उन्होंने रुक्मिणी मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले एक्ट्रेस नागेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही द्वारका जगत मंदिर पहुंची और ठाकुरजी के दर्शन किए। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच रवीना टंडन द्वारकाधीश मंदिर परिसर पहुंचीं। उन्होंने पादुका पूजन किया। द्वारकाधीश मंदिर में मुख्य पुजारी ने एक्ट्रेस का स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। रवीना के साथ उनकी बेटी राशा भी नजर आईं। बता दें कि रवीना अक्सर मंदिर जाती हैं। हाल ही में वो शिरडी में साईं बाबा मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। उन्होंने बताया था कि वो साईं बाबा को मानती हैं और बचपन से मंदिर दर्शन के लिए आती रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें साईं बाबा में अपने दिवंगत पिता की झलक दिखती है। साईं मंदिर से पहले रवीना बेटी राशा के साथ आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पहुंची थी। यहां उन्होंने महादेव का आशीर्वाद लिया था। रवीना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर फैंस को जानकारी दी थी। रवीना टंडन ने तस्वीरों और वीडियो को साझा कर बताया था कि ये उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां ज्योतिर्लिंग दर्शन है। तस्वीरों में मां-बेटी की जोड़ी पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती नजर आई थी। पोस्ट के साथ एक नोट शेयर करते हुए रवीना ने बताया था कि ये उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां है। रवीना ने ये यात्रा अपने दिवंगत पिता की जयंती और महाशिवरात्रि पर 17 फरवरी 2023 से शुरू की थी।

# शूटिंग के दौरान हादसे की शिकार हुईं अर्चना पूरन सिंह



अर्चना पूरन सिंह ने अपने लोकप्रिय यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी दर्दनाक चोट के बारे में बताया। राजकुमार राव के साथ एक फिल्म की शूटिंग के दौरान अर्चना फिसल गईं और उनकी कलाई टूट गई। गिरने के बाद उनके चेहरे पर भी चोट लग गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ दिनों के बाद वह ठीक हो गईं और फिर से काम पर लौट आईं।

उन्होंने वीडियो में कहा कि उन्होंने राजकुमार को फोन किया और प्रोडक्शन में हुई देरी के लिए माफी मांगी और कहा कि वह जल्द से जल्द फिर से काम पर लौट आएंगी, क्योंकि वह नहीं चाहती थीं कि उन्हें और नुकसान उठाना पड़े। व्लॉग की शुरुआत अर्चना के सुबह-सुबह गिरने और घायल होने के वास्तविक फुटेज से हुई। जब वह कैमरे के बाहर थीं तो ऑन-सेट वीडियो में उन्हें गिरते समय दर्द से चीखते हुए देखा गया। तुरंत क्रू के सदस्य उनके चारों ओर इकट्ठा हुए और उन्हें अस्पताल ले गए। उनके पति परमीत सेठी को सूचित किया गया। उनके बेटों ने खबर पर अपनी प्रतिक्रिया का एक वीडियो रिकॉर्ड किया और उनमें से एक रोने लगा। अर्चना ने बताया कि उन्होंने पहले दिन अपने बेटों को अपना वीडियो बनाने की अनुमति नहीं दी, क्योंकि वह बहुत ज्यादा हिल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने रिकॉर्डिंग करने की सहमति दे दी। परमीत ने मजाक में कहा, 'वह बहुत ज्यादा चपड़-चपड़ कर रही है। इसका मतलब है कि अब वह ठीक है।' अर्चना ने अस्पताल के कमरे के बाहर मुंबई के नजारे की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह इतनी प्रभावित थीं कि वह यहीं रुक सकती थीं, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि उनका काम अधूरा था। अर्चना ने आगे बताया कि मैंने राजकुमार राव को फोन किया और बताया कि मैं शूटिंग छोड़कर जाने से बहुत परेशान हूं, इसलिए आज, मैं शूटिंग पूरी करने के लिए विरार लौट रही हूं, क्योंकि उन बेचारे लोगों को अन्यथा नुकसान उठाना पड़ेगा। मैंने पूरी आस्तीन का कपड़ा पहना हुआ है और वे मुझे ऐसे कोणों से शूट करेंगे जहां आप यह नहीं बता पाएंगे कि मैं घायल हूं। उन्होंने मुझे बताया है कि उन्हें मेरी जरूरत सिर्फ कुछ घंटों के लिए है।

# सलमान के साथ काम करने की प्लानिंग कर रहे सूरज





सलमान खान ने अपने करियर में कई बड़ी फिल्में फिल्ममेकर सूरज बड़जात्या के साथ दी हैं। उनकी पहली सफल फिल्म 'मैंने प्यार किया' का निर्देशन सूरज बड़जात्या ने ही किया था। इसके बाद हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं, और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में आईं। अब डायरेक्टर एक बार फिर सलमान के साथ काम करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बार भी वह सलमान को प्रेम के रूप में ऑडियंस के सामने पेश करेंगे। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर ने इस पर बात की। डायरेक्टर ने बताया कि सलमान खान के साथ उनका नया प्रोजेक्ट प्रगति पर है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट को ऑडियंस तक पहुंचने में अभी समय लगेगा। डायरेक्टर ने कहा कि उनके अगले प्रोजेक्ट में सलमान की उम्र बहुत मायने रखती है। इसी को ध्यान में रखते हुए वह प्रेम के एक नए वर्जन को बनाने में काम कर रहे हैं। सलमान को उनकी पिछली फिल्मों में प्रेम का किरदार देने का श्रेय सूरज बड़जात्या को जाता है। अब फैंस स्क्रीन पर इस नए प्रेम को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने सैफ अली खान के साथ 'हम साथ साथ हैं' में काम किया था। सैफ पर हुए हमले के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर ने कहा, "मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक योद्धा हैं और इस स्थिति से बहुत मजबूती के साथ बाहर निकलेंगे।"

# राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोजकुमार गर्ग ने किया बच्चों से संवाद

## 'सोशल मीडिया का बच्चों पर अनुकूल एवं प्रतिकूल प्रभाव' चिंतन कार्यक्रम में की शिरकत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा के लिए पाली का दौरा किया। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के आलोक में न्यायाधिपति गर्ग द्वारा जिले में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित रिद्धि सिद्धि सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, न्यू पब्लिक मॉडर्न शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित विशेष विद्यालय का निरीक्षण किया गया। वंदे मातरम शिक्षण समूह एवं कल्पवृक्ष साहित्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सोशल मीडिया का बच्चों पर अनुकूल एवं प्रतिकूल प्रभाव चिंतन कार्य' म में बच्चों के साथ संवाद किया।

### जिला कलक्टर ने करवाया नवाचारों से अवगत

*जिला कलक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री ने उद्योग मंडल द्वारा रेडीमेड गारमेंट व चूड़ियों के कार्य में महिलाओं, विद्यालयों के दसवी एवं बारहवी कक्षा के बच्चों के लिए सरकार व एनजीओं द्वारा स्किल डवलपमेंट के बारे में, रोटी बैंक, बालिकाओं के सेल्फ डिफेंस, आधार कार्ड, जिला नवाचार निधि से किए गए बालिकाओं को सेनेटरी नेपकीन, जल, शौचालय व्यवस्था आदि की जानकारी व स्कूलों में गुड टच व बैड टच के बारे में विजुअल जागरूकता के बारे में बताया। साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा संबधी जिले के प्रबंधों के बारे में यथा सेल्फ डिफेंस, साइबर अपराध, पाली में महिला एवं बाल सुरक्षा प्रबधों के लिए किए गए कामों की जानकारी दी। सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ज्योति प्रकाश अरोडा ने विभिन्न योजनाओं यथा पालनहार, पेंशन आदि के बारे में अवगत कराया। बैठक का संचालन राजस्थान उच्च न्यायालय बाल सचिवालय के कृष्णा वैष्णव ने किया।*





## बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा को पाली पहुंचे न्यायाधिपति गर्ग

### अधिकारियों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

*इसके बाद न्यायाधिपति गर्ग ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में शिरकत की। बैठक में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, बाल संरक्षण संस्थान, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड लाइन विद्यालयों में बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स कोर्स आयोजित करवाने, पुलिस थानों में स्थापित महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की स्थिति, झुग्गी बस्तियां में रहने वाले घुमंतू लोगों को शिविर लगाकर उनके दस्तावेज तैयार करवाने, रैन बसेरों की स्थिति की भी समीक्षा की। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति बाल सचिवालय के वरिष्ठ सलाहकार चौधरी ने राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण एवं बैठक की रूपरेखा रखी।*




### यह भी रहे मौजूद

बैठक में राजेंद्रकुमार जिला एवं सेशन न्यायाधीश, विक्रमसिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीना अरोड़ा सहायक निदेशक बाल अधिकारिता, जितेंद्रसिंह अधीक्षक राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, डॉ. बीएल सारस्वत सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग जोधपुर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## भाला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

**राजकीय महाविद्यालय में खेल सप्ताह का आगाज**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजकीय महाविद्यालय में खेल सप्ताह का उत्साह व उमंग के बीच भव्य शुभारंभ हुआ।

प्राचार्य डॉ. आईदानसिंह राजपुरोहित ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और शिक्षा के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल आवश्यक हैं। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा वर्ग में लीला कुमारी ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक में कसककुमारी और तश्तरी फेंक में हैन्सी कुमारी विजेता रहीं। छात्र वर्ग में भी प्रतिभागियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में छगनलाल और 200 मीटर में रोहित लखारा ने बाजी मारी। गोला फेंक में सचिन भन्देशा, तश्तरी फेंक में अजय सोलंकी और भाला फेंक में सुरेश चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल संयोजक डॉ. उम्मेदकुमार चौधरी के अनुसार प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्य' म में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सोनल सीरवी, डॉ. तृप्ति असावा, डॉ. महेश, डॉ. मुकेश, डॉ. नरेश, प्रवीण गोयल, विष्णु कांत, महेंद्र गहलोत, कांतिलाल शर्मा, इमरान टांक, बालूराम, केवलचंद, भंवरसिंह राव सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## आईमाता मंदिर में भजन संध्या कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** कस्बें सहित समूचे अरावल क्षेत्र में माही बीज पर शुक्रवार को एवं पूर्व संध्या गुरुवार को कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। समीपवर्ती डायलाना कला स्थित जीजीवड़ आईमाता मन्दिर प्रांगण में माही बीज की पूर्व संध्या पर गुरुवार को एक शाम आईमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सरपंच राजाराम चौधरी व खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी के अनुसार भजन संध्या में एक दर्जन भजन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देगे। वहीं कस्बे सहित आस-पास के गांवों में स्थित आईमाता की वडेर प्रांगण में माही बीज के मौके पर कई धार्मिक कार्य' म होंगे।

# न्यायाधीश भाटी ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवददाता

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार वि' मसिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) द्वारा मंगलवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 77 बन्दी जिला कारागृह में निरूद्ध मिले।

सचिव भाटी द्वारा कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इसके लिए प्राधिकरण सचिव द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा जोराराम कारापाल जिला कारागृह को बंदियों की समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही करने तथा कारागृह में साफ-सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कारागृह में संचालित विधिक सेवा केन्द्र की विजिट कर विधिक सेवा केन्द्र के रजिस्टरों का अवलोकन किया। जेल डिस्पेंसरी पर नियुक्त चिकित्सक द्वारा बताया गया कि सभी बन्दीगण की ओपीडी के समय में स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा इमरजेन्सी होने पर बन्दीगण को राजकीय बांगड़ अस्पताल पाली रेफर किया जाता है। निरीक्षण के दौरान डॉ इमरान खिलेरी, सुश्री वैशाली व्यास जेल विजिटिंग लॉयर, अल्ताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर सहित अधिकार मित्र (पीएलवी) आदि उपस्थित रहे।



# युवक को घर बुलाकर बंधक बना रातभर की मारपीट

## सुबह उसका साथी जैसे-तैसे उसे लेकर पहुंचा हाइवे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता



*सांडेराव। थाना क्षेत्र के सिंदरू गांव के समीप एक कृषि कुएं पर युवक को बंधक बनाकर रातभर लाठी डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। सवेरे उसका साथी जैसे तैसे बाइक पर लेकर उसे आकदड़ा के समीप हाइवे पर पहुंचा। जहां उनकी हालत देख एक एडवोकेट व अन्य लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों ने फोन कर सूचना दी कि आकदड़ा सरहद स्थित नेशनल हाइवे पर नमस्ते होटल के सामने एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है एवं पास बाइक खड़ी है व घायल का साथी भी मौजूद है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची।*

**घायल को देख लोगों ने थाने में दी सूचना**

घायल व उसके साथी से पूछताछ की। घायल युवक ने बताया कि उसका नाम मनीष है एवं पाली का निवासी है। सिन्दरू गांव के पास एक बेरे पर उसका एक रिश्तेदार रहता है। जिसने फोन कर मिलने के बहाने बुलाया। इस पर वो अपने मित्र विक्रम मीणा के साथ कुएं पर पहुंचा। जहां चार-पांच लोगों ने उसे रस्सी से बांध दिया एवं दोस्त विक्रम का मोबाइल लेकर डरा धमका कर समीप ही बैठा दिया। चारों लोगों ने शराब पीते हुए रातभार लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सवेरे विक्रम जैसे तैसे बाइक पर घायल मनीष को लेकर नेशनल हाइवे पर आकदडा सरहद स्थित नमस्ते होटल के सामने पहुंचा। यहां गंभीर घायल होने से मनीष अचेत होकर गिर पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष को बिरामी टोल की एंबुलेंस की सहायता से सांडेराव के राजकीय अस्पताल पहुंचाया एवं वहां से गंभीर स्थिति होने पर प्राथमिक उपचार के बाद पाली रैफर कर दिया गया। जहां मनीष की स्थिति नाजुक बनी हुई है।



### घायलावस्था में देखा तो पुलिस को दी सूचना

*सुबह अपने गांव से ऑफिस जा रहा था। सड़क के किनारे एक युवक को घायलावस्था में पड़े देखा। बाइक के पास खड़ा युवक घायल को संभाल रहा था। इस पर उसने घायल के साथी से पूछा तो उसने घटना की जानकारी दी। इस पर उन्होंने एंबुलेंस व थाने में सूचना दी।*

*भंवरलाल मीणा*
*एडवोकेट*

# देसूरी नाळ में नवनिर्माण को लेकर तेजराज टाक का धरना जारी

## 16 दिसंबर से गांधीवादी तरीका अपनाकर बैठे है धरने पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** हादसों के लिए चर्चित देसूरी नाळ में होने वाली दुर्घटनाओं एवं जानमाल की हानि की रोकथाम को नाळ में सुरक्षात्मक निर्माण की मांग को लेकर देसूरी नाळ स्थित नाग देवता मंदिर के समीप पुलिया के एक तरफ आंलादर (कुंभलगढ़-राजसमंद) निवासी तेजराज टाक (कलाल) पुत्र भैरूलाल टांक का 16 दिसंबर से शांतिपूर्ण व गांधीवादी तरीके से धरना यथावत जारी है। कई घटनाओं के बीच इस पुलिए पर ही ट्रक दुर्घटना में 92 रामदेवरा जातरुओं की मौत हो चुकी है।

**उनके आंदोलन से जुड़ने लगे है कई लोग**

तेजराज टाक के धरने को कई समाजसेवियों, महिलाओं समेत जनप्रतिनिधियों ने समर्थन दिया है। उधर मंगलवार को देसूरी नाळ संघर्ष समिति उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह दाता निवास समेत कई लोगों ने मेवाड़ा से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। टाक के इस धरने की जानकारी जैसे जैसे लोगों को पता चल रही है वैसे वैसे कई लोग अब उनसे मिलने पहुंचने लगे है। लोगों के समर्थन से यह कार्य कारवा में बदलता जा रहा है।

### असामाजिक तत्वों ने जला दिया सामान

उधर असामाजिक तत्वों की ओर से धरने पर बैठे तेजराज टांक का आवश्यक सामान जला दिया गया। घटना को लेकर तेजराज टाक का कहना है कि इन घटनाओं से वो घबराने वाले नहीं है। वो सिर्फ मानव सेवा से समर्पित होकर घाट के नवनिर्माण कराने सरकार व प्रशासन की आंखें खोलने के प्रयास को धरने पर बैठे है ताकि लोगों को हादसों व असामयिक मौतों से बचाया जा सके।

### टाक की मांग जायज

देसूरी नाल घाट के नवनिर्माण की मांग को लेकर धरनार्थी तेजराज टाक की मांग जायज है। वे अपने निजी फायदे के लिए धरने पर नहीं बैठे है बल्कि कई लोगों की मौत से उद्वेलित होकर जनहित में धरने पर है। हम सभी उनके साथ सहयोग को तत्पर है। टाक की जनहित की इस मांग को सरकार व प्रशासन जल्द पूरा करें।

महेंद्रसिंह दाता निवास
उपाध्यक्ष, देसूरी नाल संघर्ष समिति

# खिंवाड़ा बालाजी मेले को लेकर बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** कस्बे के आराध्य देव बालाजी महाराज के आगामी 10 अप्रेल को होने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारियों को लेकर बालाजी ट्रस्ट, व्यापार संघ, मेला आयोजक परिवार व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक गुरुवार को ट्रस्ट अध्यक्ष घीसूलाल जैन की अध्यक्षता में बालाजी महाप्रसादी स्थल पर आयोजित की जाएगी। बैठक में मेले की व्यवस्था संबंधी चर्चा कर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह जानकारी खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य ने दी।

### मंदिरों में अर्पित की जाएगी आमंत्रण पत्रिका

मेले को लेकर गुरुवार को कस्बे के तमाम मंदिरों में आराध्य देव के चरणों में आयोजन से संबंधित आमंत्रण पत्रिका अर्पित की जाएगी। सचिव आचार्य ने बताया कि आमंत्रण पत्रिका सुबह दस बजे मेला आयोजक मनोजकुमार राजमल खांटेड परिवार की ओर से चढ़ाई जाएगी।

# शहीद दिवस कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिले में शहीद दिवस पर गुरूवार को विभिन्न कार्य' म आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह के अनुसार शहीद दिवस पर प्रातः 10.30 बजे कार्य' म का शुभारंभ कलक्ट्रेट परिसर में होगा। जिसमें 10.30 से 10.40 बजे तक राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पार्पण, 10.40 से 10.58 तक रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों का गान, 10.58 बजे सावधान मुद्रा, प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन एवं 11.02 बजे तक कार्य' म का समापन होगा।

# कस्बे में लगातार बढ़ रहा वारदातों का ग्राफ

## महिला के गले से कंठी छीनकर तीन लुटेरे फरार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे ने इन दिनों लूट व चोरी की घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। थाना अंतर्गत पिछले एक सप्ताह में लुटेरों अऔर चोरों ने दो बड़ी वारदातो को अंजाम दिया।



कस्बे में पुलिस के शिथिल रवैये के चलते आरोपी वारदात को अंजाम देने मे सफल होते जा रहे है जिसे लेकर लोगों में पुलिस के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। मगलवार दोपहर करीब 2 बजे सादड़ी-फालना सड़क मार्ग स्थित नागमनी होटल के सामने तीन बाइक सवार बदमाश एक महिला के गले से कंठी लूटकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, पीड़िता सुखी जनवा चौधरी अपने बेरे की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उनके पास आए। पहले वे महिला से आगे निकले और फिर अचानक बाइक को पीछे की ओर मोड़कर उनके गले में पहनी कंठी को छीन फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एएसआइ ईश्वरसिंह व मूलाराम मीणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़िता से विस्तृत जानकारी एकत्र की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला। पुलिस ने सीसीटीवी पुटेज के आधार पर एक संदिग्ध का फोटो भी जारी किया है। बहरहाल मुख्य सड़क पर हुई घटना से ग्रामीणों मे भय का माहौल है। उधर 23 जनवरी को जूना गांव में मकान में हुई चोरी की वारदात में पुलिस के हाथ अभी भी खाली ही है। इस घटना में करीब 30 लाख की नकदी, गहने व बाइक चोरी होना सामने आया है। मकान मालिक ने सोमवार को सादड़ी थाने मे मामला दर्ज करवाया है।

### सप्ताहभर में हुई दो बड़ी वारदातें



# पुरानी परंपरा को सजाए हुए है बहुरुपिए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** कस्बे में इन दिनों परंपरा को संजोए हुए दो कलाकार विभिन्न रूप धरकर लोगों का मनोरंजन कर रहे है। मुलतः जयपुर के पास छोट से गांव साकुन निवासी दोनों भाई मुकेश कुमार व मोसम भाट ने बताया कि वे भगवान विष्णु के सभी अवतार का रूप धरते है। ज्यादातर पांच रूप निभाते है एवं लोगों को आकर्षित करते हैं। बहुरुपिए ने बताया कि इंटरनेट का जमाना है व लोग मोबाइल पर व्यस्त रहते है, फिर भी वे गांव-गांव, गली-गली घुमकर परंपरा को निभाते हुए लोगों को हसीं मजाक के जरिए लुभाकर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। उनका परिवार सदियों से इसी मनोरंजन के कार्य से जुड़ा है।



# भामाशाह सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के बांकली गांव स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह समाजसेवी शिवराजसिंह बिठिया, चंदनसिंह देवड़ा, सरपंच तेजाराम देवासी व उपसरपंच प्रतापसिंह देवड़ा के सानिध्य में आयोजित किया गया। बिठिया ने बालिका शिक्षा को लेकर कहा कि बेटी घर का चिराग होती है। वह एक नहीं दो-दो घरों को रोशन करती है। इसलिए हमें बेटियों की पढ़ाई यहां तक ही सीमित न रखते हुए आगे तक पढ़ाई करवानी चाहिए। क्योंकि बेटियां देश का भविष्य कहलाती है। कार्य' म में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। भामाशाह बिठीया व चंदनसिंह द्वारा विद्यालय को एक अलमारी, टेबल व सभी छात्रों के लिए चरण पादुका देने की घोषणा की गई। साथ ही महेंद्र सोनी द्वारा विद्यालय को 54 इंची एलइडी टीवी और चार कुर्सियां देने की घोषणा की गई। कार्य' म में टेंट व्यवस्था हजाराम मीणा और साउंड व्यवस्था लक्ष्मण मीणा सहित अन्य भामाशाहों द्वारा की गई। मंच संचालन राजनारायण दवे ने किया। कार्य' म में पूरणसिंह रावणा राजपूत, प्रकाश सोलंकी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# सिंदरली पंचायत टीबी मुक्त घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी की ग्राम पंचायत सिन्दरली को जिला कलक्टर व सीएमएचओ द्वारा टीबी मुक्त घोषित किया गया। टीबी मुक्त ग्राम को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम वर्मा द्वारा उल्लेखनीय कार्य पर जिला कलक्टर मंत्री व सीएमएचओ द्वारा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर।** भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू संभाग के ऊपरी इलाकों में आतंकवाद के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। डोडा, किश्तवाड़, रामबन, राजौरी, पुंछ, उधमपुर, रियासी और जम्मू सहित क्षेत्रों में 20 से ज्यादा ऑपरेशन चलाए हैं।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** रांची-झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी (बुधवार) को होगी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में होगी। शाम चार बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें जनहित के कई प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद मुहर लगाएगी। झारखंड के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

### गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल

**रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 30 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया है। मंगलवार सुबह 5.30 बजे उन्हें रोहतक की सुनारिया जेल से छोड़ा गया, जिसके बाद वह करीब 7.30 बजे सिरसा स्थित अपने आश्रम पहुंचे। उनके साथ हनीप्रीत भी मौजूद थी। पैरोल की अवधि के शुरुआती 10 दिन राम रहीम सिरसा में रहेंगे और बाकी 20 दिन बागपत में।

### कॉन्स्टेबल सौरभ और सहयोगी 4 फरवरी तक रिमांड पर

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को कोर्ट ने 4 फरवरी तक रिमांड पर सौंप दिया। लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। उनसे पहले लोकायुक्त ऑफिस में करीब 5 घंटे तक पूछताछ की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। इधर, सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल भी मंगलवार दोपहर को अपने वकील के साथ लोकायुक्त ऑफिस में बयान दर्ज कराने पहुंचे। बयान दर्ज करने के बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया है। उनसे भी पूछताछ की गई।

### दो उग्रवादी गिरफ्तार, पिस्टल-कारतूस बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग ऑपरेशन में पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) के मेंबर सापम पैखोम्बा मीतेई (26) को थौबल के वेथौ-थियम आईवीआर से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से एक वायरलेस हैंडसेट और छह 9 एमएम के कारतूस बरामद हुए हैं। इसके अलावा बैन संगठन केपीसी के सदस्य समोम डेविडसन मीतेई उर्फ लोया (32) को इंफाल पश्चिम जिले के थोंगजू पेचुलमपाक पुखरी से गिरफ्तार किया गया। ये सिंगजामेई-थोंगजू और आसपास के इलाके में मौजूद दुकानदारों से जबरन वसूली करता था।

---

जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# फोरेस्टर और गार्ड 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## मकान बनाने की अनुमति देने की एवज में मांगी रकम





**जयपुर।** जयपुर एसीबी की टीम ने मंगलवार को वन विभाग के फॉरेस्टर रतिपाल और गार्ड ओमप्रकाश को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। पीड़ित ने आरोपियों द्वारा बार-बार धमकाने और रिश्वत की मांग की शिकायत कुछ दिन पहले एसीबी को की थी।

इस पर मंगलवार एसीबी की टीम ने कुंडा के पास स्थित वनविभाग की चिमनपुरा चौकी पर दोनों को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एडिशनल एसपी एसीबी संदीप सारस्वत ने बताया कि परिवादी ने एसीबी मुख्यालय ने कुछ दिन पहले रिश्वत लेने की शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने सत्यापन के निर्देश दिए। शिकायत का सत्यापन होने पर मंगलवार को जयपुर एसीबी की टीम ने फॉरेस्टर रतिपाल और गार्ड ओमप्रकाश को 10 हजार रुपए रंगे हाथों लेते ट्रैप किया। दोनों आरोपी पूर्व में भी परिवादी से 10 हजार रुपए ले चुके हैं।

### मकान बनाने पर कार्रवाई की देते थे धमकी

पीड़ित ने एसीबी के अधिकारियों को बताया कि वह अपनी जमीन पर मकान का काम करना चाहता था। जब भी वह मकान का काम करता दोनों वनविभाग के अधिकारी मौके पर आते और उसे धमकाते। दोनों से कई बार कहा कि यह जमीन उसकी है। यहां पर वनविभाग का क्या लेना-देना हैं, लेकिन दोनों आरोपी बार-बार कार्रवाई करने की धमकी देते और कहते कि मकान बनाया तो जेसीबी से तुड़वा देंगे। एक बार आरोपी जबरन 10 हजार रुपए ले गए। इसके बाद फिर से धमकी देकर काम रुकवा दिया। जिस पर एसीबी मुख्यालय गया और अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

---

## 5000 का टिकट 50 हजार में क्यों : राघव

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने महाकुंभ मेले के दौरान फ्लाइट कंपनियों की तरफ से किरायों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं की आस्था का मजाक बताया, साथ ही किराया कम करने की अपील भी की है। फ्लाइट कंपनियों की मनमानी और मुनाफाखोरी ने श्रद्धालुओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने फ्लाइट्स के सामान्य किराए में बढ़ोतरी पर कहा कि जो टिकट पहले 5000-8000 रुपए का मिलता था, अब उसकी कीमत 50000-60000 रुपए तक पहुंच गई है। लाखों श्रद्धालु जो कुंभ जाना चाहते हैं, उनको ज्यादा किराए की वजह से निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां अपने फायदे के चक्कर में श्रद्धालुओं के साथ ठीक नहीं कर रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं की तरफ से किराया कम करने की अपील की। साथ ही राघव ने एयरपोर्ट पर महंगे खाने को लेकर उठाए गए मुद्दे को याद किया। उन्होंने कहा कि सस्ते खाने को लेकर हमारी आवाज सरकार तक पहुंची थी। जिसके बाद सरकार ने यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन की शुरुआत की। मैं इस बार भी सरकार से उम्मीद करता हूं कि श्रद्धालुओं को सस्ती फ्लाइट की सुविधा दी जाएगी।

---

# दिल्ली में पांच मंजिला इमारत गिरी

## पांच की मौत, 12 लोगों को किया रेस्क्यू





### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अभी और मौतों की जताई जा रही आशंका

**नई दिल्ली।** बुराड़ी के कौशिक एन्क्लेव में सोमवार शाम को पांच मंजिला इमारत गिरने की घटना में अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनका उपचार जारी है। एनडीआरएफ व दमकल विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार को भी जारी है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं पुलिस ने बिल्डर योगेंद्र भाटी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एनडीआरएफ की टीम द्वारा राहत बचाव कार्य जारी

पुलिस के मुताबिक, बुराड़ी के कौशिक एन्क्लेव में आस्कर पब्लिक स्कूल के पास शाम करीब सात बजे पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में आकर कई श्रमिक दब गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की नौ गाड़ियां और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचीं और राहत बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने अब तक कुल 17 लोगों को बाहर निकाला, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है। मृतकों में मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड की सात वर्षीय राधिका और उसकी बहन 17 वर्षीय साधना, यूपी के सगोली निवासी 42 वर्षीय अनिल कुमार गुप्ता, बिहार के भागलपुर निवासी 40 वर्षीय कादिर और 20 वर्षीय सरफराज के रूप में हुई है। दमकलकर्मियों के मुताबिक अभी मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका है, जिन्हें निकालने के लिए राहत बचाव कार्य जारी है। वहीं बुराड़ी थाना पुलिस ने बिल्डर योगेंद्र भाटी के खिलाफ लापरवाही से मौत और विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### इमारत में रहते थे श्रमिक

बिल्डर योगेंद्र भाटी ने इमारत में श्रमिकों को रहने की व्यवस्था की हुई थी। इमारत में फिनिशिंग कार्य जैसे पीयूपी, लकड़ी के गेट व अलमारी व रंग रोगन का कार्य जारी था। श्रमिक अपने परिवार के साथ इमारत में ही रहते थे और कार्य करते थे।

---

# मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा अनशन

## जिद पर अड़े किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल



**चंडीगढ़।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन पिछले 64 दिन से जारी है और वे जिद पर अड़े हुए हैं कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगे। डल्लेवाल ने मंगलवार को कहा कि जब तक केंद्र सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को स्वीकार नहीं कर लेती तब तक मैं अनशन खत्म नहीं करूंगा। मंगलवार को डल्लेवाल ने खनौरी धरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूरे देश को एमएसपी की जरूरत है और पंजाब को भी अपने भूमिगत जल स्तर को बचाने के लिए एमएसपी की जरूरत है। केंद्र सरकार ने 18 जनवरी को आंदोलनकारी किसानों को उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ में 14 फरवरी को बैठक के लिए आमंत्रित किया था जिसके बाद से डल्लेवाल ने चिकित्सकीय सहायता लेनी शुरू कर दी लेकिन उन्होंने अपना अनशन अबतक समाप्त नहीं किया है। डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं।

---

# भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक आयोजित

## जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ई.एस.आर. के लिए भूमि का आवंटन

### सब स्टेशन के लिए भूमि का किया आवंटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 206वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विचार-विमर्श कर विभिन्न विभागों एवं विभिन्न समाजों/ संस्थाओं को भूमि का आवंटन किया गया। बैठक में जोन-8 में 33/11 केवी सब स्टेशन हेतु निजी खातेदारी की आवासीय योजना गणेश नगर के सुविधा क्षेत्रफल 1015 वर्गमीटर में भूमि का आवंटन करने का निर्णय लिया गया।





अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राहाम्ण महासभा, जयपुर को बालिका छात्रावास हेतु जेडीए की योजना रामचन्द्रपुरा में भूखण्ड संख्या-29 क्षेत्रफल 3437.06 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। जोन-09 में मारवाड़ी इन्टरनेशरल फेडरेशन को फैसिलिटेशन सेन्टर की स्थापना हेतु 4000 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

जोन-9 में लघु उद्योग भारतीय संस्था को कृषि कौशल विकास केन्द्र की स्थापना हेतु जेडीए की योजना रामचन्द्रपुरा में संस्थानिक भूखण्ड संख्या-12 व 14 क्षेत्रफल 7369.44 वर्गमीटर भूमि का आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। जोन-12 में अधिशाषी अभियन्ता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड-द्वितीय (उत्तर) जयपुर को ई.एस.आर. हेतु निजी खातेदारी की योजना मंगलम बालाजी सिटी में आरक्षित सुविधा क्षेत्रफल 4162.06 भूमि में से 900 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

---

पूर्णिया को सीएम नीतीश की सौगात

# 587 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन



**पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया में प्रगति यात्रा के दौरान 587 करोड़ 80 लाख रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा भी की। जिसमें पुरण देवी मंदिर और मां कामाख्या मंदिर को पर्यटन विभाग द्वारा विस्तारित करने की योजना, भोटहा मोर से 9 किलोमीटर बाईपास का निर्माण, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण, रंगभूमि मैदान में स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण और काझा कोठी में मिथिलाहट के तर्ज पर विकसित करने की योजना शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया समाहरणालय परिसर में समीक्षा बैठक में भाग लिया जहां सभी विभागों के सचिव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, लेसी सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चप्पे चप्पे पर बिहार पुलिस और पारामिलिट्री फोर्स के जवान लगाए गए।

### कामाख्या मंदिर में सीएम ने की पूजा

सीएम नीतीश ने पूर्णिया के भवानीपुर पंचायत के मजरा गांव स्थित मां कामाख्या मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री पूजा अर्चना की और वहीं पर जल जीवन हरियाली से बने तालाब, जीविका के स्टॉल के साथ-साथ तीन दर्जन से ज्यादा स्टॉल का भी निरीक्षण किया। सीएम ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में स्पोर्ट्स कंपलेक्स, सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल का भी शीलान्यास किया है।

---

# अल्लाह मालिक, वही वक्फ को भी बचाएगा: फारूक



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कई मुद्दों पर बात की। दुनिया में मुसलमानों की स्थिति, वक्फ संशोधन बिल, अनुच्छेद-370 और राज्य के दर्जे के सवाल पर बात की। वक्फ संशोधन बिल से जुड़े एक सवाल पर अब्दुल्ला ने कहा, अल्लाह मालिक है। वही वक्फ को भी बचाएगा। ये कुछ भी करना चाहें पर अल्लाह के नाम को मिटा नहीं सकते है। उसके पैगंबर के नाम को मिटा नहीं सकते। इन लोगों को जो करना है करने दो। अनुच्छेद 370 से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 यहां के लोगों की हिफाजत के लिए था। दुनिया में मुसलमानों की स्थिति पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हालत इसलिए खराब है क्योंकि हम अल्लाह से बहुत दूर हैं। हम मुसलमान नाम के हैं अमल के नहीं। जिस दिन ठीक से अमल होगा और अल्लाह पर भरोसा होगा, उस दिन मुसलमान फिर से उठेंगे। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और यहां के लोगों की पहचान के लिए था। चाहे वो जम्मू कश्मीर के लोग हों या लद्दाख के, ये सबके लिए था।

**राज्य का दर्जा बहाल होने का इंतजार:-** राज्य के दर्जे पर उन्होंने कहा कि हम इसका (राज्य का दर्जा बहाल होने का) इंतजार कर रहे हैं, जो इसमें देरी कर रहे हैं, उनसे पूछिए। हम इसके लिए प्रार्थना करते रहेंगे और अल्लाह से हमारी रक्षा करने की प्रार्थना करेंगे।

---

भारतीय रेलवे ने दी श्रद्धालुओं को खुशखबरी

# प्रयागराज से हर चार मिनट पर मिलेंगी ट्रेनें : सीईओ

## आज 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे





**नई दिल्ली।** 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दूसरे अमृत स्नान से पहले महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए रेलवे कल यानी 29 जनवरी को 60 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। मौनी अमावस्या से पहले भारतीय रेलवे द्वारा किए गए इंतजामों पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि हमने सावधानीपूर्वक योजना बनाई है और 13-14 जनवरी को अपने अनुभव से सीखा है। कुल मिलाकर 190 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। उस रूट पर 110 नियमित ट्रेनें हमेशा की तरह चलेंगी। प्रयागराज से हर 4 मिनट में ट्रेन उपलब्ध होगी और यह एक बड़ी उपलब्धि है। अधिकारी और रेलवे कर्मचारी तैनात और चालू हैं अलर्ट। हम हर मिनट उनसे अपडेट ले रहे हैं।

**नौ स्टेशनों से चलेंगी ट्रेनें:-** रेलवे ने बताया कि 150 से ज्यादा चलने वाली ट्रेनों को प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी से चलाया जाएगा। प्रयागराज रेल मंडल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर 150 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिनमें से अधिकांश प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी। नियमित ट्रेनों के साथ-साथ मंडल के अन्य स्टेशनों से भी विशेष ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलाई जाएंगी।

---

# राइजिंग राजस्थान : 1100 करोड़ रूपये का निवेश धरातल पर

## ऑटो, सोलर पैनल व टैक्सटाइल सेक्टर की चार कम्पनियां राज्य में करेंगी निवेश





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निष्पादित किए गए एमओयू एक के बाद एक धरातल पर उतर रहे हैं। रीको द्वारा चार और प्रमुख कम्पनियों मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए भूखण्ड आवंटित कर दिए गए हैं। इनमें मेक्सोप इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड को भिवाड़ी जिले के कारोली औद्योगिक क्षेत्र, रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र (भिवाड़ी), लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को भीलवाड़ा जिले के उखलिया औद्योगिक क्षेत्र एवं सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड को कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र (उदयपुर) में भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान इन कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश करने में रूचि दिखाते हुए राज्य सरकार के साथ एमओयू किए थे। एमओयू के पश्चात रीको द्वारा भूमि आवंटन से लेकर परियोजना की शुरूआत तक, सभी प्रक्रियाओं को कम्पनियों के लिए बहुत ही आसान बनाया जा रहा है। भूखण्ड उपलब्ध होने के पश्चात् कम्पनियों द्वारा जल्द ही औद्योगिक इकाई के परिचालन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

मेक्सोप इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ऑटो क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी है जो ऑटो कंपोनेंट प्रोडक्ट्स जैसे डाइ कास्टिंग और फैब्रिकेशन का निर्माण करती है। 750 करोड़ रूपये के निवेश के साथ कम्पनी की यह इकाई 1500 लोगों को रोजगार देगी। यह इकाई करीब 30 एकड़ भूमि पर स्थापित होगी। एल्यूमिनियम निर्माण से जुड़ी रॉकमेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (हीरो ग्रुप कम्पनी) 6 एकड़ भूमि पर 150 करोड़ रूपये के चरणबद्ध निवेश कर अपनी परिचालन प्रक्रिया शुरू करके करीब 250 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगी जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान होगा। इस नई इकाई का लक्ष्य राजस्थान में स्पेशल व्हील मैल्युफैक्चरिंग करना होगा।

सोलर पेनल के निर्माण पर आधारित कम्पनी लाइटपाथ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड उखलिया औद्योगिक क्षेत्र, भीलवाड़ा में 6 एकड़ भूमि पर 110 करोड़ रूपये का निवेश करने के साथ लगभग 150 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। कम्पनी की यह इकाई सोलर पैनल के निर्माण में राजस्थान को अग्रणी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। टैक्सटाइल आधारित कम्पनी सन पॉलिटेक्स प्राइवेट लिमिटेड उदयपुर के कलड़वास औद्योगिक क्षेत्र में इस नई औद्योगिक इकाई में वूवन कोटेड और अनकॉटेड फैब्रिक बनाएगी। इस इकाई द्वारा 100 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 5 एकड़ भूमि पर लगने वाली इस इकाई में कम्पनी द्वारा लगभग 87 करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के समय राज्य सरकार ने जनता से यह वादा किया है कि समिट में निष्पादित एमओयू जल्द ही धरातल पर होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समिट के दौरान कहा था कि समिट का समापन अंत नहीं, बल्कि बेहतर राजस्थान बनाने की शुरूआत है। दो साल बाद फिर से राइजिंग राजस्थान होगा जिसमें जनता को एमओयू का हिसाब दिया जाएगा। सरकार के इसी वादे को पूरा करने में राज्य सरकार और रीको पूर्ण क्षमता से लगा हुआ है।

रीको के प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में कई बड़ी कम्पनियों ने राजस्थान में अपनी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए एमओयू किए जो उनका राज्य सरकार एवं यहां की औद्योगिक नीतियों के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। इसी विश्वास पर खरा उतरने के लिए रीको प्रयासरत है। रीको एमओयू करने वाली कम्पनियों को भूखण्ड उपलब्ध कराने एवं जल्द से जल्द औद्योगिक इकाई शुरू करने में हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रहा है। हाल ही रीको ने ऑटो, सोलर पैनल एवं टैक्सटाइल से जुड़ी कुछ और कम्पनियों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। ये तीनों क्षेत्र ही ऐसे हैं जो राज्य ही नहीं देश के आर्थिक विकास के लिए भी मजबूत स्तम्भ साबित हो रहे हैं।

### औद्योगिक विकास के लिए रीको की प्रतिबद्धता

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन जो औद्योगिक विकास के लिए राजस्थान सरकार के अधीन प्रमुख निकाय है, का नई कम्पनियों के लिए यह रणनीतिक सहयोग राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राज्य में निवेश में रूचि दिखाने वाली नई कंपनियों को बिना विलंब भूमि आवंटन कर रीको द्वारा न केवल राज्य के औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है अपितु इसे अंतरराष्ट्रीय व्यवसायों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी – नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com